Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 6 अंक: 233 | सोमवार, 25 अगस्त -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

# आज से गुजरात के दो दिवसीय दौरे पर पीएम

## 5400 करोड़ की परियोजनाओं की देंगे सौगात

**अहमदाबाद।**

पीएम मोदी वीरमगाम-खुदाद-रामपुरा सड़क के चौड़ीकरण का उद्घाटन करेंगे। वह अहमदाबाद-मेहसाणा-पालनपुर मार्ग पर छह लेन वाले वाहन अंडरपास और अहमदाबाद-वीरमगाम मार्ग पर रेलवे ओवरब्रिज के निर्माण की आधारशिला भी रखेंगे। सरकार के इन पहलों से इस क्षेत्र में औद्योगिक विकास को बढ़ावा मिलेगा, परिवहन दक्षता में सुधार होगा और आर्थिक अवसर बढ़ेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज से दो दिवसीय दौरे पर गुजरात के दौरे पर रहेंगे। अपने इस दौरे पर पीएम मोदी अहमदाबाद में 5,400 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और लोकार्पण करेंगे। वह सोमवार शाम को एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) की ओर से जारी बयान में कहा गया कि 26 अगस्त को सुबह लगभग 10.30 बजे प्रधानमंत्री अहमदाबाद के हंसलपुर में हाइब्रिड



बैटरी इलेक्ट्रोड के स्थानीय उत्पादन का उद्घाटन करेंगे और 100 देशों को बैटरी इलेक्ट्रिक वाहनों के निर्यात को हरी झंडी दिखाएंगे। विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचे और कनेक्टिविटी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप प्रधानमंत्री मोदी 1,400 करोड़ रुपये से अधिक की कई रेलवे परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित करेंगे। इसमें 530 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली 65 किलोमीटर महेसाणा-पालनपुर रेल लाइन का दोहरीकरण, 860 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली 37 किलोमीटर कलोल-कडी-कटोसन रोड रेल लाइन और 40 किलोमीटर बेचराजी-रानुज रेल लाइन का गेज परिवर्तन शामिल है।

पीएम मोदी वीरमगाम–खुदाद–रामपुरा सड़क के चौड़ीकरण का उद्घाटन करेंगे। वह अहमदाबाद–मेहसाणा–पालनपुर मार्ग पर छह लेन वाले वाहन अंडरपास और अहमदाबाद–वीरमगाम मार्ग पर रेलवे ओवरब्रिज के निर्माण की आधारशिला भी रखेंगे। सरकार के इन पहलों से इस क्षेत्र में औद्योगिक विकास को बढ़ावा मिलेगा, परिवहन दक्षता में सुधार होगा और आर्थिक अवसर बढ़ेंगे। राज्य में विद्युत क्षेत्र को एक बड़ा बढ़ावा देते हुए पीए मोदी उत्तर गुजरात विज कंपनी लिमिटेड (यूजीवीसीएल) के अंतर्गत अहमदाबाद, मेहसाणा और गांधीनगर में विद्युत वितरण परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे।

स्लम विकास परियोजना का उद्घाटन पीएम मोदी प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के स्व–स्थाने स्लम पुनर्वास घटक के अंतर्गत रामापीर ने टेकरो के सेक्टर–3 में स्लम विकास परियोजना का उद्घाटन करेंगे। वह अहमदाबाद के आसपास सरदार पटेल रिंग रोड पर यातायात सुगम बनाने और कनेक्टिविटी में सुधार के लिए की जा रही प्रमुख सड़क चौड़ीकरण परियोजनाओं का भी शिलान्यास करेंगे।

# अंतरिक्ष यात्रा से लौटे शुभांशु आज आ रहे हैं घर, स्वागत में सजा लखनऊ



**लखनऊ।**

अंतरिक्ष स्टेशन पर पहुंचने वाले देश के पहले यात्री शुभांशु शुक्ला का सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अभिनंदन करेंगे। अंतरिक्ष यात्रा से लौटे ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला आज अपने गृहनगर लौटे रहे हैं। उनके माता-पिता व परिजनों के साथ पूरा लखनऊ पलक पावड़े बिछाए उनके स्वागत के इंतजार में है। उनके मोहल्ले त्रिवेणीनगर में जश्न का माहौल है। लखनऊ शहर में चारों ओर 'शुभांशु- नेशनल हीरो' के पोस्टर्स

### शुभांशु अब सारे देश का बेटा

लगे हैं। अंतरिक्ष स्टेशन पर पहुंचने वाले देश के पहले यात्री शुभांशु शुक्ला का सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अभिनंदन करेंगे। परिवार के सदस्य इस खास मौके को यादगार बनाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ रहे। घर सजाने के साथ ही अपने लाल के स्वागत में घर के दरवाजों पर बंदनवार लगाए हैं। शुभांशु के पिता शंभू दयाल शुक्ला और मां आशा देवी ने कहा कि हम बेसब्री से बेटे का इंतजार कर रहे हैं। स्थानीय प्रशासन भी इस जश्न में शामिल हो रहा है। इसके लिए उसने घर के सामने की सड़क नई बना दी है। इस सड़क के साथ ही एक पार्क का नामकरण भी शुभांशु के नाम पर करने की योजना है। पिता शंभु दयाल शुक्ल ने संकेत दिया कि शुभांशु को तीन दिनों के लखनऊ प्रवास के दौरान घर के बजाय विशेष सुरक्षा में एक गेस्ट हाउस में ठहराया जाएगा। इसरो के निर्देश पर शुभांशु के सुरक्षा प्रोटोकॉल को देखते हुए उनका घर आना शायद संभव न हो।

# आज कई जिलों में भारी बारिश का अलर्ट



**शिमला।**

जिले के सभी सरकारी एवं निजी शैक्षणिक संस्थान, कॉलेज, आईटीआई, वोकेशनल ट्रेनिंग सेंटर और आंगनवाड़ी केंद्र 25 अगस्त को बंद रखने का निर्णय लिया गया है। ऊना जिला दंडाधिकारी एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ऊना के अध्यक्ष जतिन लाल ने सोमवार, 25 अगस्त को जिला ऊना के सभी शैक्षणिक संस्थानों को बंद रखने के आदेश जारी किए हैं।

उपायुक्त ने कहा कि भारतीय मौसम विभाग शिमला ने ऊना जिले में 25 अगस्त को भारी वर्षा का अलर्ट जारी किया है। वहीं, पहले से ही 24 अगस्त को हुई लगातार बारिश से जिले के कई हिस्सों में जलभराव, भूस्खलन और फ्लैश फ्लड की स्थिति बनी हुई है। कई लिंक सड़कें प्रभावित होने के चलते विद्यार्थियों की आवाजाही को लेकर सुरक्षा संकट उत्पन्न हो गया है। इसी के मद्देनजर जिले के सभी सरकारी एवं निजी शैक्षणिक संस्थान, कॉलेज, आईटीआई, वोकेशनल ट्रेनिंग सेंटर और आंगनवाड़ी केंद्र 25 अगस्त को बंद रखने का निर्णय लिया गया है। जतिन लाल ने कहा कि विद्यार्थियों की सुरक्षा जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और सभी संस्थानों के प्रमुखों को आदेश का सख्ती से पालन करने को कहा गया है। एसडीएम बंजार, कुल्लू और मनाली से प्राप्त रिपोर्टों व सिफारिशों के अनुसार, कल रात से लगातार हो रही बारिश के कारण मौसम अत्यंत खराब होने के परिणामस्वरूप भूस्खलन, नदियों एवं नालों का जलस्तर बढ़ गया है और कई सड़कें बाधित हो गई हैं।

# भारतीय थल सेना प्रमुख का अल्जीरिया दौरा

**नई दिल्ली।**

भारत और अल्जीरिया के रणनीतिक रिश्ते को मजबूती देने के लिए थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी आज से 28 अगस्त तक अल्जीरिया की यात्रा पर रहेंगे। इस दौरे का मकसद दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग बढ़ाना, सेना-से-सेना संबंध मजबूत करना और रक्षा तकनीक में नए अवसर तलाशना है। भारत और अल्जीरिया के बीच के रिश्ते को और मजबूत करने के लिए भारतीय थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी 25 अगस्त से 28 अगस्त तक अल्जीरिया की आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे हैं। यह जानकारी रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी एक बयान में दी गई है। यह दौरा ऐसे समय पर हो



रहा है जब हाल ही में भारत के राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ भी अल्जीरिया जा चुके हैं। ऐसे में ये बात साफ हो गई है कि भारत अल्जीरिया के साथ मजबूत रणनीतिक रिश्ते बनाने को लेकर गंभीर है।

जनरल द्विवेदी के इस यात्रा को लेकर भारतीय सेना की आधिकारिक एजेंसी एडीजीपीआई ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी आज अल्जीरिया की आधिकारिक यात्रा पर गए। यह दौरा आपसी समझ को गहरा करने, साझा हितों में सहयोग बढ़ाने और रक्षा साझेदारी को मजबूत करने की साझा प्रतिबद्धता को दशार्ता है। वहीं बात इस दौरे के उद्देश्य की करें तो जनरल उपेंद्र द्विवेदी की इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य भारत और अल्जीरिया के बीच रक्षा और सुरक्षा सहयोग को बढ़ाना, सेना–से–सेना संबंधों को मजबूत करना, क्षेत्रीय और वैश्विक सुरक्षा मुद्दों पर विचारों का आदान–प्रदान करना और रक्षा उद्योग व तकनीक में सहयोग के नए रास्ते तलाशना है।

# भारत को जहां से सस्ता तेल मिलेगा, वहीं से खरीदेगा



**मॉस्को।**

अमेरिका द्वारा भारतीय वस्तुओं पर 25% अतिरिक्त टैरिफ लगाने के बाद रूस में भारत के राजदूत विनय कुमार ने इसे अनुचित और अन्यायपूर्ण बताया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि भारत की प्राथमिकता 1.4 अरब लोगों की ऊर्जा सुरक्षा है और भारतीय कंपनियां तेल वहीं से खरीदेंगी जहां से सबसे बेहतर सौदा मिलेगा, चाहे वह रूस ही क्यों न हो। अमेरिका ने बीते दिनों भारतीय वस्तुओं पर 25% अतिरिक्त टैरिफ (कुल मिलाकर 50%) लगाने का एलान किया। अमेरिका का ये एलान भारत के रूस से तेल खरीदने को लेकर लगाया गया है। इसके बाद दोनों देशों के बीच व्यापारिक रिश्ते में तनाव भी देखने को मिला। ऐसे में रविवार को एक रूसी समाचार एजेंसी से बातचीत के दौरान रूस में भारत के राजदूत विनय कुमार ने कड़ा रुख अपनाते हुए प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए तेल वहीं से खरीदेगा जहां से सबसे अच्छा सौदा मिलेगा। अमेरिकी टैरिफ को राजदूत विनय कुमार ने बताया अनुचित राजदूत कुमार ने अमेरिकी फैसले को अनुचित, गैरवाजिब और अन्यायपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि भारत की ऊर्जा नीति का मकसद देश के 1.4 अरब लोगों को ऊर्जा सुरक्षा देना है और रूस जैसे देशों के साथ सहयोग से वैश्विक तेल बाजार में स्थिरता आई है। उन्होंने कहा कि हमारी प्राथमिकता है कि देशवासियों को सस्ती और स्थिर ऊर्जा मिले।

बता दें कि इससे पहले भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने भी अमेरिकी टैरिफ के फैसले की कड़ी आलोचना की थी। उन्होंने कहा था कि भारत अपने किसानों और छोटे उत्पादकों के हितों से कोई समझौता नहीं करेगा। भारत सरकार ने कहा है कि वह अमेरिका के इस फैसले के खिलाफ हर जरूरी कदम उठाएगी ताकि देश के राष्ट्रीय हितों की रक्षा की जा सके।

# प्रेमानंद महाराज को किडनी देना चाहता था आरिफ



**नई दिल्ली।**

वृंदावन के प्रसिद्ध संत प्रेमानंद महाराज ने उनको किडनी देने की इच्छा जताने वाले इटारसी तहसील मुख्यालय के आरिफ चिश्ती के प्रस्ताव पर आभार प्रकट कर कहा है कि इसकी कोई आवश्यकता नहीं है। संत के प्रतिनिधि ने आरिफ को कॉल कर उनका संदेश पहुंचा दिया है। यह भी कहा कि महाराज जल्द ही उन्हें वृंदावन बुलाएंगे। प्रतिनिधि ने बताया कि महाराज बेहद प्रसन्न हुए हैं। उन्होंने कहा है कि आरिफ ने इस प्रयास के जरिए पूरे देश को सांप्रदायिक एकता का जो संदेश दिया है, वह काबिले-तारीफ है।

### सांप्रदायिक एकता का जो संदेश दिया है, वह काबिले-तारीफ है।

# 'भारत-यूक्रेन संबंधों को और मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध'

### रूस के साथ जारी युद्ध के बीच जयशंकर का बड़ा बयान

**नई दिल्ली।**

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने रविवार को यूक्रेन के स्वतंत्रता दिवस पर उसे शुभकामनाएं दीं। उन्होंने इंटरनेट मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में भारत-यूक्रेन संबंधों को और मजबूत करने की प्रतिबद्धता भी जाहिर की। उन्होंने लिखा- "यूक्रेन के स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विदेश मंत्री एंड्री सिबिहा, सरकार और यूक्रेन के लोगों को शुभकामनाएं। हमारे द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध।" शनिवार को नई दिल्ली में यूक्रेनी दूतावास ने अपने राष्ट्रीय ध्वज दिवस का आयोजन ध्वजारोहण समारोह और सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ किया। परंपरागत सफेद परिधान में सजे दूतावास के सदस्यों ने नीले और पीले राष्ट्रीय ध्वज को फहराया और एक साथ यूक्रेन का राष्ट्रीय गान गाया। दूतावास ने एक्स पर लिखा, "आज हम गर्व से यूक्रेन के राष्ट्रीय ध्वज का दिन मनाते हैं। यह हमेशा यूक्रेन की शांति के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक बने। यूक्रेन की जय। नायकों की जय।" यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमीर जेलेंस्की ने भी इस अवसर पर एक संदेश साझा किया। उन्होंने लिखा- "आज एक महत्वपूर्ण दिन है। हमारी सबसे मजबूत भावनाओं में से एक का दिन। वह भावना जो आपको तब होती है जब आप अपने घर में होते हैं।



## संपादक की कलम से

# त्रिकोण बनाम अमरीका

भारत, रूस और चीन में एक बार फिर त्रिकोण उभर रहा है। वैश्विक परिस्थितियां ऐसी हैं कि तीनों देश एक ही मंच पर लामबंद हो रहे हैं। उसे आरआईसी नाम दिया जा सकता है। तीनों देश ब्रिक्स के एक मंच पर भी लामबंद हैं। तीनों देश शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) में भी साथ–साथ हैं। यह त्रिकोण 1998 में भी उभरा था और 2002 में उसके विदेश मंत्रियों की बैठक हुई थी। भारत और रूस कई दशकों से दोस्त हैं। उनके बीच व्यापारिक



ललित शर्मा
संपादक

रिश्ते, रणनीतिक साझेदारी रही है, बेशक हालात कैसे भी रहे हों, लेकिन भारत और चीन, रूस और चीन के बीच युद्ध भी हुए हैं और सीमा–विवाद भी रहे हैं। भारत चीन को दुश्मन नंबर 1 भी मानता रहा है, लेकिन दोनों एशिया के सबसे बड़े प्रतिद्वंद्वी देश भी हैं और 2024–25 में दोनों देशों के बीच 127.7 अरब डॉलर का कारोबार भी किया गया। अब विश्व की बदलती परिस्थितियों के मद्देनजर भारत और चीन के द्विपक्षीय संबंधों में सुधार और कूटनीति की कवायद जारी है। रूस और चीन के संबंध कूटनीतिक स्तर पर प्रगाढ़ रहे हैं। चूंकि तीनों देशों का एक साझा खलनायक है–अमरीका, लिहाजा उस पर दबाव बनाए रखने और उसकी अड़चनों और उसके फैसलों से निष्प्रभावी होने के मद्देनजर भारत, रूस, चीन का त्रिकोण पुख्ता होता जा रहा है। रूस पर अमरीकी और यूरोपीय पाबंदियों के दौर में चीन और भारत ने उससे काफी मात्रा में कच्चा तेल खरीदा। रूस ने भारत के साथ रुपया मुद्रा में कारोबार किया। हालांकि अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप के व्यापार सलाहकार पीटर नवारो ने एक अखबार में विस्फोटक लेख लिखा और भारत की तेल लॉबी को करार दिया कि वह रूसी राष्ट्रपति पुतिन की युद्ध–मशीनरी की आर्थिक मदद कर रही है, लिहाजा भारत को रूस से तेल खरीदने से रोका जाए। यथार्थ यह है कि अमरीका और यूरोप तुलनात्मक रूप से रूसी तेल और गैस के सबसे बड़े खरीददार हैं। यही वैश्विक परिस्थितियां हैं, जो भारत, रूस, चीन को करीब लाकर त्रिकोण बना रही हैं। हाल ही में चीन के विदेश मंत्री वांग यी भारत आए और हमारे विदेश मंत्री जयशंकर और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोवल तथा अंततः प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की। चीन ने महत्वपूर्ण पेशकश की कि वह भारत को खाद, रेयर अर्थ मिनरल्स और सुरंग खोदने की मशीन मुहैया कराने को तैयार है। रेयर अर्थ मिनरल्स करीब 90 फीसदी चीन में ही होते हैं। चीन पहले इन वस्तुओं की आपूर्ति में बाधाएं डालता रहा था। इस माह के अंत में तीनों देशों के शीर्ष नेता एससीओ शिखर सम्मेलन के दौरान चीन में मिलेंगे। उस मुलाकात से त्रिकोण और भी पुख्ता होगा। विश्व की करीब 38 फीसदी आबादी, 33 फीसदी जीडीपी, करीब 20 फीसदी क्षेत्रफल और दुनिया की नंबर 2, 3, और 4 सेनाएं इन तीनों देशों की हैं। इन तीनों देशों के पास करीब 5100 परमाणु हथियार हैं। रूस और चीन सुरक्षा परिषद के स्थायी, वीटो पॉवर वाले देश हैं। कल्पना कर सकते हैं कि इन तीनों देशों की साझा शक्ति कितनी होगी? यह त्रिकोण बनना तब जोर पकड ? लगा, जब अमरीका ने रणनीतिक साझेदार होने के बावजूद भारत पर 50 फीसदी टैरिफ थोपने की घोषणा की। नतीजतन समीकरण बदलने लगे और चीन ने भारत पर थोपे गए टैरिफ की निंदा की और भारत के साथ सहयोग का हाथ बढ़ाया। हालांकि इतिहास और अतीत बताता है कि भारत को चीन पर भरोसा नहीं करना चाहिए, लेकिन यह त्रिकोण बनाना भी वैश्विक हित में है। अमरीका की दादागीरी कुछ ढीली होगी। भारत की चीन के साथ 3488 किमी सीमा के विवाद पुराने और गंभीर हैं, लेकिन अब चीनी विदेश मंत्री ने हमारे सुरक्षा सलाहकार के सीमा संबंधी प्रस्ताव पर सहमति जताई है, लिहाजा बातचीत आगे बढ़ेगी।

## उदय किशोर साह



## गाँव हमारा जीवन है न्यारा

### कविता

आओ अपनी गाँव की तुम्हें सैर कराऊँ
अपनी कुटिया में मैं खुद शेर कहलाऊँ
कहीं पे नहीं है यहाँ कोई शोर शराबा
गाँव की मिट्टी है पावन मेरे काशी काबा

सरिता की कल कल बहती निर्मल धारा
पीपल खड़ा है जहाँ नदी का है किनारा
बचपन बीता अब जवानी भी। सारा
मुसीबत में मिलता है सबका ही सहारा

ना है किसी से किसी को ईष्या व द्वेष
ना कोई छ्ल बल ना कोई कलह क्लेश
गाँव की पगडंडी दिखता है मनमानी
पीली सरसों की फूल सुगंध सुहानी

मकई की खेत बाँस का खड़ा है मचान
टीन बजाकर भगाया जाता है श्वान
फटे हाल में घर घर जीता है किसान
घुट घुंट मर गये जहाँ इनके सब अरमान

घर के दरवाजे पे झलकता है स्वाभिमान
धन दौलत की ना है गुरूर व अभिमान
हर घर में पाते हैं रणबाकुड़े वो जवान
बड़े बुजुर्ग को मिलता है यहाँ पे सम्मान

रामायण की होती है जहाँ पे नित्य वाचन
हर नारी है सीता श्रीराम बने साजन
माता पिता पूजे जाते देवतुल्य हर आँगन
दादा दादी हैं पथ निर्देशक ज्ञान हैं पावन

पशु धन हम सबको है अति ही प्यारा
दरवाजे पे बँधे है करते आर्थिक सहारा
दूध दही घी माखन की रोज है बरसात
कण कण पे हँसता जीवन दिन हो या रात

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर , दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# आज का युवा तकनीकी रूप से आधुनिक है, लेकिन मानसिक स्तरपर अक्सर पश्चिमी संस्कृति से प्रभावित है

*भारत विश्व की सबसे प्राचीन सभ्यताओं में से एक है। इसकी जड़ें हजारों वर्षों पुरानी परंपराओं, ज्ञान और संस्कृति में गहराई से जुड़ी हुई हैं।यहाँ वेद, उपनिषद,पुराण,महाभारत,रामा यण योग,आयुर्वेद, वास्तुशास्त्र, खगोलशास्त्र और गणित जैसी महान धरोहरें विकसित हुई।मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र ऐसा मानता हूं कि यही वह परंपरा थी जिसने भारत को विश्वगुरु का दर्जा दिलाया। लेकिन दुर्भाग्य यह रहा कि औपनिवेशिक काल में अंग्रेजों ने हमारी शिक्षा प्रणाली, संस्कृति और इतिहास को इस प्रकार प्रस्तुत किया कि भारतीय अपनी ही जड़ों से कटते चले गए। आजादी के इतने वर्षों बाद भी हम अपने युवाओं को अपनी वास्तविक पहचान नहीं बता पाए हैं। जब तक यह स्थिति बनी रहेगी,तब तक हम उसीमानसिक गुलामी में जीते रहेंगे,जिसे अंग्रेज हम पर थोप कर गए थे।भारत का ज्ञान–सागर अनंत है।*



गोंदिया



वैदिक साहित्य केवल धार्मिक ग्रंथ नहीं थे, बल्कि उनमें जीवन के प्रत्येक पहलू से जुड़ा विज्ञान समाहित था। उपनिषदों ने आत्मा, ब्रह्म और जीवन के गूढ़ रहस्यों की खोज की।आयुर्वेद ने चिकित्सा को प्रकृति के साथ जोड़ा, जहाँ रोग निवारण के साथ- साथ जीवन जीने की कला भी सिखाई गई। सुश्रुत को शल्य चिकित्सा का पिता कहा गया, वहीं चरक ने संपूर्ण चिकित्सा शास्त्र को व्यवस्थित किया।गणित के क्षेत्र में आर्यभट, वराहमिहिर और भास्कराचार्य ने शून्य, दशमलव, ग्रहों की गति और खगोल विज्ञान पर अद्वितीय कार्य किए। योग की परंपरा ने शरीर, मन और आत्मा को संतुलित करने का मार्ग दिखाया। यदि यह सब हम अपने युवाओं को सिखाएँ, तो वे केवल पश्चिमी विज्ञान और संस्कृति के अनुयायी नहीं, बल्कि अपनी जड़ों से जुड़े हुए आत्मनिर्भर व्यक्तित्व बनेंगे।

साथियों बात अगर हम भारतीय संस्कृति की विशेषताओं की करें तो,भारतीय संस्कृति की सबसे बड़ी विशेषता उसकी विविधता और समन्वय है। यहाँ अलग- अलग धर्म, जातियाँ, भाषाएँ और परंपराएँ हैं,फिर भी यह विविधता ह्लएकताह्व के सूत्र में बंधी हुई है। गंगा-जमुनी तहजीब से लेकर बौद्ध, जैन,सिख और संत परंपरा तक, हर युग ने भारतीय संस्कृति को और अधिक समृद्ध किया। परिवार व्यवस्था,गुरु-शिष्य परंपरा और सामूहिक जीवन की अवधारणा ने समाज को एकजुट रखा। कला, संगीत, नृत्य और साहित्य केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि जीवन जीने की प्रेरणा रहे।युवाओं को यदि यह बताया जाए कि उनकी संस्कृति कितनी व्यापक और गहन है, तो उनमें आत्मगौरव की भावना पैदा होगी और वे किसी विदेशी संस्कृति के प्रभाव में आसानी से नहीं बहेंगे।

साथियों बात अगर हम अंग्रेजों द्वारा थोपी गई मानसिकता की करें तो, अंग्रेजों ने भारत को केवल राजनीतिक रूप से ही गुलाम नहीं बनाया,बल्कि मानसिक औरसांस्कृतिक गुलामी भी थोपी।ह्लमैकॉले की शिक्षा प्रणालीह्वका मुख्य उद्देश्य था कि भारतीय ऐसे लोग बनें,जो रंग- रूप से भारतीय हों लेकिन सोच और मानसिकता से अंग्रेज। इसके लिए उन्होंने पारंपरिक शिक्षा प्रणाली को ध्वस्त किया और अंग्रेजी माध्यम को श्रेष्ठ बनाकर प्रस्तुत किया। भारतीय भाषाओं, साहित्य और दर्शन को पिछड़ा और अवैज्ञानिक कहकर तिरस्कृत किया गया। इतिहास को इस तरह से लिखा गया कि विदेशी आक्रांताओं को महिमा मंडित किया गया और भारतीय उपलब्धियों को या तो छोटा कर दिया गया या नकार दिया गया। इस कारण पीढ़ी दर पीढ़ी भारतीय युवाओं का अपनी परंपरा पर विश्वास कमजोर होता चला गया।

साथियों बात अगर हम युवाओं पर पश्चिमी प्रभाव की करें तो, आज का युवा तकनीकी रूप से आधुनिक है, लेकिन मानसिक स्तर पर अक्सर पश्चिमी संस्कृति से प्रभावित होता है।पश्चिमी फैशन, भोजन,संगीत,सिनेमा और जीवनशैली उसे आकर्षित करते हैं। अंग्रेजों द्वारा थोपी गई मानसिकता का असर आज भी है,जहाँ कई युवा भारतीय परंपरा को पिछड़ा समझते हैं,उन्हें यह बताया ही नहीं गया कि हमारी संस्कृति कितनी महान और वैज्ञानिक है। यदि किसी युवा को यह ज्ञान न हो कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि मानसिक शांति और आत्मविकास का साधन है,तो वह इसे पश्चिमी जिम संस्कृति से तुलना करके ही देखेगा।इसी प्रकार, यदि उसे आयुर्वेद की शक्ति नहीं बताई जाएगी,तो वह केवल आधुनिक दवाइयों पर ही जिंदगी भर निर्भर रहेगा।

साथियों बात अगर हमपरंपरा से कटाव के दुष्परिणामों की करें तो,जब युवा अपनी परंपरा और संस्कृति से कट जाते हैं, तो सबसे बड़ा नुकसान उनकी पहचान को होता है।वेआत्मगौरव खो देते हैं और किसी विदेशी संस्कृति का अंधानुकरण करने लगते हैं।समाज में नैतिक मूल्यों का क्षरण होता है और परिवार व्यवस्था कमजोर पड़जाती है। उपभोक्तावाद और भौतिकवाद जीवन का अंतिमलक्ष्य बन जाता है। ऐसे में राष्ट्र की सामूहिक चेतना भी कमजोर होती है। यदि हम युवाओं को अपनी जड़ों से नहीं जोड़ पाए, तो भविष्य की पीढ़ियाँ भारतीय होने पर गर्व करना ही भूल जाएँगी और केवल वही रूप देखेंगी, जो अंग्रेज उन्हें दिखाकर गए थे।

साथियों बात अगर हम युवाओं तक परंपरा पहुँचाने की आवश्यकता की करें तो,युवाओं तक परंपरा और संस्कृति पहुँचाने का कार्य केवल शिक्षा संस्थानों का ही नहीं,बल्कि परिवार, समाज और मीडिया का भी है।विद्यालयों और विश्वविद्यालयों में भारतीय ज्ञान परंपरा को आधुनिक संदर्भों के साथ पढ़ाया जाए।परिवार में बच्चों को कहानियों,पर्व-त्योहारों और अनुष्ठानों के माध्यम से संस्कृति का अनुभव कराया जाए। मीडिया और डिजिटल प्लेटफार्मों का उपयोग भारतीय कला, संस्कृति और परंपराओं को प्रस्तुत करने के लिए किया जाए। यदि यह काम व्यवस्थित ढंग से किया जाए, तो युवा अपनी संस्कृति से जुड़ेंगे और अपने भविष्य को उसी आधार पर गढ़ेंगे।

साथियों बात अगर हम परंपरा और आधुनिकता का संतुलन की करें तो,युवाओं को यह समझाना होगा कि परंपरा का मतलब पुराने ढर्रे पर अटक जाना नहीं है। आधुनिकता और परंपरा में टकराव नहीं, बल्कि संतुलन आवश्यक है। हमें आधुनिक विज्ञान और तकनीक को अपनाना चाहिए, लेकिन साथ ही अपनी सांस्कृतिक जड़ों को भी मजबूती से थामे रहना चाहिए। योग और आयुर्वेद को आधुनिक चिकित्सा प्रणाली के साथ जोड़ना, भारतीय भाषाओं को तकनीक के साथ विकसित करना, और प्राचीन दर्शन को आधुनिक समस्याओं केसमाधान से जोड़ना इसी संतुलन का उदाहरण है। यह संदेश युवाओं को देना होगा कि वे आधुनिक बनें, लेकिन अपनी पहचान और संस्कृति को भूले नहीं।

साथियों बात अगर हम भविष्य की राह की करें तो भारत का भविष्य उसके युवाओं पर निर्भर है। यदि युवा अपनी परंपरा और संस्कृति से जुड़ेंगे,तो वे आत्मगौरव और आत्मनिर्भरता के साथ राष्ट्र निर्माण करेंगे। यदि वे केवल पश्चिमी ढांचे में ढलेंगे, तो उनकी सोच भी पराधीन रहेगी। इसलिए अब यह समय है कि हम युवाओं को अपने गौरवशाली अतीत से परिचित कराएँ। स्कूलों में भारतीय इतिहास और परंपरा को सही स्वरूप में पढ़ाया जाए, विश्वविद्यालयों में भारतीय ज्ञान परंपरा पर शोध हो, और समाज में सांस्कृतिक जागरूकता बढ़ाई जाए। तभी भारत पुनः विश्वगुरु की दिशा में आगे बढ़ सकेगा।इसलिएह्लजब तक हम युवाओं को अपनी हजारों साल पुरानी परंपरा, ज्ञान और संस्कृति को नहीं बताएँगे, हम वैसे ही रहेंगे जैसे अंग्रेजों ने हमें दिखाए हैंह्व,यह कथन केवल एकचेतावनी नहीं, बल्कि हमारे लिए मार्गदर्शन है। युवाओं को यदि अपनी पहचान का ज्ञान नहीं होगा, तो वे कभी भी आत्मगौरव महसूस नहीं करेंगे।आज आवश्यकता है कि हम अपनी शिक्षा प्रणाली, सामाजिक संरचना और सांस्कृतिक गतिविधियों में इस चेतना को जगाएँ। जब युवा अपनी जड़ों से जुड़े होंगे, तभी भारत वास्तविक अर्थों में स्वतंत्र और आत्मनिर्भर बनेगा। तभी हम अंग्रेजों की बनाई हुई छवि से बाहर निकलकर अपनी असली पहचान पा सकेंगे।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि आज का युवा तकनीकी रूप से आधुनिक है,लेकिन मानसिक स्तरपर अक्सर पश्चिमी संस्कृति से प्रभावित है।भारत का ज्ञान- सागर अनंत है,वैदिक साहित्य केवल धार्मिक ग्रंथ नहीं थे,बल्कि उनमें जीवन के प्रत्येक पहलू से जुड़ा विज्ञान समाहित था,जब तक हम युवाओं को अपनी हजारों साल पुरानी परंपरा,ज्ञान और संस्कृति को नहीं बताएँगे, हम वैसे ही रहेंगे जैसे अंग्रेजों ने हमें दिखाए हैं।

# भारत,रूस,चीन बनाम अमेरिका और यूरोपियन देश

अमेरिका में 60वें राष्ट्रपति चुनाव के बाद चुनाव से अमेरिका में 47 वें राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप तथा 50 वें उपराष्ट्रपति जे डी वेन्स चुने गए। डोनाल्ड ट्रंप ने चुनाव के पूर्व घोषणा की थी कि उनके राष्ट्रपति चुने जाने के बाद वे रूस यूक्रेन युद्ध और इसराइल हमास युद्ध को तत्काल रुकवाएंगे और वैश्विक आर्थिक तथा सामरिक शांति का प्रादुर्भाव करेंगे। अमेरिका एक शक्ति संपन्न राष्ट्र है और उसकी नीतियां,राजनीति एवं कूटनीति पूरी दुनिया के देशों को प्रभावित करती है। वह राजनीतिक सामरिक अथवा व्यापारिक लेनदेन के समझौते या युद्ध में मदद की बात को लेकर अमेरिका का दखल लगभग सभी मसलों में एक जैसा रहता है। यह अलग मुद्दा है कि पश्चिम एशिया,चीन, रूस एवं नॉर्थ कोरिया जैसे देश अमेरिका के धुर विरोधी रहे हैं। चीन और रूस के सामरिक,व्यापारिक और एटॉमिक मसलों पर अमेरिका से टकराते रहे हैं। यह गौर किए जाने वाली बात है कि अमेरिका के राष्ट्रपति ही अमेरिका सहित अन्य कई देशों के दिशा-निर्देश तय करते थे, पर राष्ट्रपति चुने के जाने के बाद डोनाल्ड ट्रंप ने अपनी घोषणाओं के उलट ना तो वे रूस यूक्रेन युद्ध रुकवा पाए हैं बल्कि ईरान पर बड़े हवाई जहाज हमले से एक नया विवाद खड़ा कर दिया था ले देकर ईरान इजरायल युद्ध रुकवा पाए हैं। दूसरी तरफ नए आयात टैरिफ लगाकर पूरे वैश्विक देश में बेचैनी तथा खलबली मचा दी है। वैश्विक आर्थिक सलाहकार और विशेषज्ञ किस डोनाल्ड ट्रंप की सनक ही बता रहे हैं। और उनके आयत टैरिफ को बहुत ही अपरिपक्व निर्णय की संज्ञा दे रहे हैं। डोनाल्ड ट्रंप ने यूरोपीय देश तथा अन्य पश्चिमी देशों में आयात शुल्क पर काफी दरियादिली दिखाई है और यही वजह है कि नाटो तथा अन्य यूरोपीय देश अमेरिका का अभी भी समर्थन कर रहे हैं।

अमेरिका के चुनाव के नतीजे से भारत के रिश्तों में काफी परिवर्तन हुआ है, डोनाल्ड ट्रंप के पूर्व कार्यकाल में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं डोनाल्ड ट्रंप के संबंध निजी तौर पर काफी प्रगाढ़ रहे थेजो। डोनाल्ड ट्रंप पाकिस्तान में दी जाने वाली अमेरिकी सहायता के खिलाफ रहे पर अब पाकिस्तान पर उनकी मेहरबानियां काफी बढ़ गई है। उन्होंने पाकिस्तान सेनाध्यक्ष को व्हाइट हाउस में लंच में बुलाकर पाकिस्तान के प्याले में तूफान लाकर खड़ा कर दिया है। पाकिस्तान की निराश उम्मीद पर पंख लग गए हैं। डोनाल्ड ट्रंप ने चुनाव जीतकर चीन पर भी नियंत्रण रखने का प्रयास किया है । अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति जो बाईडेन रूस यूक्रेन युद्ध के मध्य भारत द्वारा रूस से कच्चा तेल लिए जाने पर खासा नाराज हुए थे। भारत पर काफी दबाव भी डाला गया पर भारत ने यह स्पष्ट कर दिया था कि रूस भारत का परंपरागत मित्र होने की वजह से और 1971 में पाकिस्तान के विरुद्ध रूस ने भारत की एक तरफा मदद भी की थी। ऐसे में भारत स्पष्ट रूप से रूस के साथ सामरिक-आर्थिक मामलों में खड़ा हुआ है।



संजीव ठाकुर

आज की ताजा परिस्थिति का आंकलन करें तो अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की दोस्ती उनके चुनाव के परम सहयोगी टेस्ला के मालिक से पूरी तरह टूट चुकी है, दूसरी तरफ भारत तथा चीन ब्राजील व अन्य राज्यों पर भारी आयात शुल्क लगाने पर डोनाल्ड ट्रंप की भारत विरोधी नीति खुलकर सामने आ गई है अमेरिका ने पाकिस्तान जैसे महत्वहीन और फकीर देश को अपना नया शागिर्द बना लिया है। ट्रंप और पुतिन की रूस यूक्रेन युद्ध को लेकर शांति वार्ता पूर्ण रूप से विफल रही, पुतिन ने अपनी शर्तें डोनाल्ड ट्रंप को साफ तौर पर बता कर कह दिया कि यूक्रेन को नाटो की किसी भी परिस्थिति में सदस्यता ना दी जाए। उधर यूक्रेन ने भी अमेरिका से बातचीत के बाद उसका रूस के साथ युद्ध विराम वाले आदेश को मानने से साफ इनकार कर दिया है। डोनाल्ड ट्रंप ने रूस द्वारा भारत को कम कीमत पर कच्चे तेल निर्यात किए जाने से कुपित होकर भारत पर 25 से लेकर 50% तक आयात शुल्क लागू किया है। भारत ने इस अमेरिकी रुख पर अडिग होकर भारतीय व्यापार तथा नागरिकों को प्राथमिकता देने की घोषणा की है। और अमेरिका का वैकल्पिक बाजार तलाशने के तारतम्य में रूस के साथ दोस्ती को और मजबूत कर चीन के साथ भी दोस्ताना हाथ बढ़ाया है। विदेश मंत्री जयशंकर और एनआईए प्रमुख अजीत डोभाल की चीन की यात्रा उसके तुरंत बाद चीनी विदेश मंत्री ने भारत की यात्रा की है, जिससे भारत चीन व्यापारिक तथा कूटनीतिक संबंधों तेजी और थोड़ी प्रगाढ़ता आई है। भारतीय प्रधानमंत्री भारत और चीन के नए संबंधों के समीकरणों को मजबूत करने के लिए चीन की आधिकारिक यात्रा पर जाने वाले हैं। भारत और चीन के आपसी संबंध मधुर होते ही रूस ने इसका स्वागत किया है। अब भारत रूस चीन तथा ब्राजील एक नए धरातल पर खड़े नजर आ रहे हैं। भारत रूस चीन की त्रिकोणीय जोड़ी विश्व में अमेरिका तथा यूरोपीय देशों के विरुद्ध एक बड़ी शक्ति के रूप में उभरती दिखाई दे रही है। यह अलग अलग बात है कि चीन भी अमेरिका से कम धोखेबाज नहीं है भारत का चीन के साथ पुराने अनुभव बहुत मधुर नहीं रहै हैं। किंतु बदली हुई परिस्थितियों में डोनाल्ड ट्रंप के इस आर्थिक तथा टैरिफ युद्ध के कारण भारत और चीन काफी नजदीक आ गए हैं। चीन के राष्ट्रपति श्री जिनपिंग ने भारत की मित्रता के लिए अपने रुख को स्पष्ट कर दिया है और अमेरिका द्वारा भारत पर लगाए गए 50% टैरिफ का खुलकर विरोध भी किया है। इसके अलावा रूस ने डोनाल्ड ट्रंप से व्हाइट हाउस में अपनी बातचीत के दौरान भारत का पक्ष लेकर डोनाल्ड ट्रंप को आडे हाथों में भी लिया था और यही वजह है कि भारत रूस और चीन अब एक प्लेटफार्म पर खड़े होकर डोनाल्ड ट्रंप तथा यूरोपीय देशों के लिए चुनौती बने के लिए अग्रसर है। इस नए घटनाक्रम के नतीजतन डोनाल्ड ट्रंप और यूरोपीय देशों खासकर नाटो देश में काफी खलबली तथा बेचैनी नजर आ रही है। अब निश्चित तौर पर भविष्य ही तय करेगा की भारत की यह नई मित्रता डोनाल्ड ट्रंप के विरुद्ध कितनी कारगर साबित होगी।

# कांग्रेस ने किया संगठन सृजन कार्यशाला का आयोजन

**वेलकम इंडिया**

**हापुड़।** रविवार को स्वर्ग आश्रम रोड स्थित आर. जी.सुमंगलम फार्म हाऊस में ₹संगठन सृजन कार्यशाला₹ का आयोजन हुआ। इस आयोजन में पश्चिमी जोन उत्तर प्रदेश कांग्रेस ₹संगठन सृजन अभियान₹ कार्यक्रम के कोऑर्डिनेटर और मुख्य अतिथि कुंवर दानिश अली कार्यक्रम में पधारे। जहां कांग्रेसी कार्यकताओं ने फूल मालाओं के साथ उनका जोरदार स्वागत किया। ₹संगठन सृजन कार्यशाला₹ में पधारे कांग्रेसी पदाधिकारियो और कार्यकताओं को संबोधित करते हुए पश्चिमी जोन के कोऑर्डिनेटर कुंवर दानिश अली ने कहा कि बिहार में राहुल गांधी जी की यात्रा को लोगों का जबरदस्त समर्थन देखने को मिल रहा है।उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग ने केंद्र सरकार के इशारे पर मतदाताओं के वोटो की चोरी की है जिसके साक्ष्य राहुल गांधी जी ने एक प्रेस वार्ता के दौरान देश की जनता के समक्ष रखें थे। उत्तर प्रदेश में जिला पंचायत चुनाव और विधानसभा चुनाव होने वाले हैं इसे देखते हुए प्रदेश अध्यक्ष अजय राय जी के आह्वान पर हर जनपद में कांग्रेस संगठन को मजबूती देने के लिए हर स्तर पर कार्य किया जा रहा है।जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी ने कहा कि अगर हर कार्यकर्ता अपनी-अपनी जिम्मेदारी को पूरी ईमानदारी से निभा ले, तो आने वाले चुनाव में प्रदेश में कांग्रेस की पूर्ण बहुमत से





सरकार देखने को मिलेगी। इस दौरान शहर अध्यक्ष इरफान अहमद, पूर्व पीसीसी नवरत्न त्यागी, पूर्व प्रदेश महासचिव विजय कुमार गोयल, पूर्व जिलाध्यक्ष सैय्यद अयाजुद्दीन, पूर्व शहर अध्यक्ष दिनेश चंद शर्मा, पूर्व शहर अध्यक्ष अभिषेक गोयल, ब्लॉक अध्यक्ष (हापुड़) मोहसिन सैफी, ब्लॉक अध्यक्ष (गढ़) बिजेंद्र त्यागी, ब्लॉक अध्यक्ष (सिंभावली) जितेंद्र नागर, ब्लॉक अध्यक्ष (धौलाना) चमन लाल शर्मा, पिलखुआ नगर अध्यक्ष रजनीश त्यागी, पूर्व नगर अध्यक्ष (पिलखुआ) मदन सिंह चौहान, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोनिका शर्मा, महिला कांग्रेस की प्रदेश सचिव सीमा शर्मा, पूर्व महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष गुंजन शर्मा, रामफल त्यागी, जिला उपाध्यक्ष रामप्रसाद जाटव, खुर्शीद चावल वाले, आर डी शर्मा, डॉक्टर आशाराम शर्मा, डॉक्टर वीसी शर्मा, वाई के शर्मा, जिला महासचिव इकबाल प्रधान, विक्की शर्मा, जिला महासचिव/मीडिया प्रभारी गौरव गर्ग, भरतलाल शर्मा, मोहम्मद परवेज, सुधीर शर्मा, आदेश शर्मा, दीपक आत्रेय, हसन आतिफ, खालिद खान, अंकुर अग्रवाल, अरुण चौधरी, चेतन प्रकाश यादव, सेवादल यंग ब्रिगेड के प्रदेश महासचिव निसार खान, सेवादल यंग ब्रिगेड के शहर अध्यक्ष संदीप कुमार, यशपाल ढीलौर, सुखपाल गौतम, अरुण वर्मा, मानवी सिंह, सविता गौतम, कुसुम लता, रवींद्र गुर्जर, चौधरी मुरसलीन, सरदार जसबीर सिंह, भारत चौधरी, खुशनूद अली, गुलफाम कुरैशी, सुबोध शास्त्री, सलमान राणा, अब्दुल कलाम, अनुज कुमार एडवोकेट, संजय छाबड़ा, रजत त्यागी, अनिल भिवानिया, इकरामुद्दीन सैफी, शादाब सैफी, गौरव शर्मा, लोकपाल सागर, मुकीम खान, अनमोल शर्मा, शिवम् कुमार, अनूप कर्दम, विनोद कर्दम, सुरेन्द्र सिंह आदि सैकड़ों की संख्या में कांग्रेसी पदाधिकारी गण और कार्यकर्ता गण मौजूद रहे.!

# भारतीय किसान यूनियन (देशहित) के स्थापना दिवस कार्यक्रम स्थल सम्मान

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**

हापुड़ समारोह आनंद रीजेंसी किठौर रोड हापुड पर संस्था के संस्थापक व्यवस्थापक आयोजक के कुशल नेतृत्व में सम्पन्न हुआ जिसमें अथाह भीड़ उमड़ पड़ी ! अध्यक्षता अमीन साहब ने की ! जिसमें भा. कि. यू. ( देशहित के राष्ट्रीय अध्यक्ष मंजीत चौधरी का स्वागत सम्मान करने के लिए जनसमूह लालयित हो गई तथा सभी ने बारी बारी से फूल माला पहनाकर तथा वरिष्ठ सम्मानित पदाधिकारीगण ने पगड़ी पहनकर स्वागत समारोह को सम्पन्न कराया ! राष्ट्रीय अध्यक्ष मंजीत चौधरी ने कहा कि संस्था के पद अधिकारी गण एवं कार्यकर्तागण ने जो सम्मान ओर आशीर्वाद रूपी सम्मान करके मेरा मनोबल बढ़ाने का काम किया है मै इसके लिए आपका सदैव आभारी रहूंगा ! तथा जो उत्साह आप लोगों ने आज कार्यक्रम में अपनी गरिमामई उपस्थिति दर्ज कराकर एकता का परिचय दिया है आप सदैव इस उत्साह को कायम रखेंगे तथा संस्था का प्रत्येक कार्यकर्ता अपने आपको राष्ट्रीय अध्यक्ष समझे लेकिन संस्था की गरिमा बनाए रखे ! संस्था का







मुख्य उद्देश्य किसानों जवानों के सभी जनहित की समस्या का समाधान करने के लिए आपके हक की लड़ाई लड़ने का कम करेगी इसके लिए अगर हमे जेल भी जाना पड़ा तो संस्था के पदाधिकारी गण सड़कों पर उतरने में कोताही नहीं बरतेगी ! कार्यक्रम में उपस्थित पत्रकार बंधु गण का भी आभार व्यक्त करता हूं ! कार्यक्रम के बाद टोल प्लाजा जाकर मांगपत्र सौंपा !

# दो बाईक सवारों की हुई जबरदस्त भिड़ंत में एक बाइक सवार की हुई मौत परिवार में मचा कोहराम

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**

हापुड़/बाबूगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत पुराने नेशनल हाईवे 24 पर बाबूगढ़ कट के पास दो बाइक सवारों की हुई आपसी जबरदस्त भिड़ंत में एक बाइक सवार की हुई मौत से परिवार में मचा कोहराम। आपको बता दें कि बाबूगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव उपैडा निवासी दीपक शर्मा जोकि हापुड़ नगर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत दिल्ली रोड पर स्थित सेंचुरी फैक्ट्री में कार्यरत था। जो कि 24 अगस्त की सुबह बाइक से खेतों में कीटनाशक दवाई छिड़काव करने



को लेकर दवाई लेने के लिए बाबूगढ़ छावनी जा रहा था। जैसे ही वह पुराने नेशनल हाईवे 24 पर बाबूगढ़ कट के पास पहुंचा तभी दूसरी बाइक से इसकी जबरदस्त भिड़ंत हो गई। जिसमें दीपक शर्मा गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने दीपक को अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर परिवार में कोहराम मच गया। और पीड़ित परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। वही इस मामले को लेकर थाना प्रभारी महेंद्र सिंह का कहना है कि मृतक दीपक शर्मा के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मुकदमा पंजीकृत कर फरार बाइक सवार आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

# झारखंड के राज्यपाल ने शिक्षार्थ सूक्त संग्रह पुस्तक का किया विमोचन

**वेलकम इंडिया**

**बरेली।** भारत सेवा ट्रस्ट पर झारखण्ड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार द्वारा हरि चरनसिंह यादव (शास्त्री) द्वारा लिखित पुस्तक शिक्षार्थ सूक्त संग्रह का विमोचन किया गया। इस अवसर पर पुस्तक के लेखक हरि चरनसिंह यादव (शास्त्री) द्वारा रचित ₹वियोगी होगा पहला कवि, आह ! से उपजा होगा गान। निकलकर नयनों से चुपचाप, वही होगी कविता अनजान।।₹ कविता की चंद लाइनो से आम जनमानस को ये बताया गया कि ₹कविता₹ हमेशा ही मानव मन की कलात्मक अभिव्यक्ति होती है। काव्य प्रयोजन के बारे में काव्य प्रकाशकार एवं साहित्य दर्पणकार के रचनाकारों ने




कविता को यश प्राप्ति के लिए, धनार्जन के लिए, अथवा व्यवहारिकता या कान्तसम्मित उपदेश के लिए काव्य प्रयोजन बताया है। इस लेखन और संकलन की भावभूमि व्यवहारिकता पर केन्द्रित है। कवि हरि चरनसिंह यादव (शास्त्री) के विचारों में कविता या कोई ज्ञान हमारे जीवन के परिष्कृत करने का मार्ग प्रशस्त करता है। इसलिए मन की गहराइयों में बसे हुए ज्ञान को, जो अन्य विद्वान, मनीषी महापुरूषों द्वारा ज्ञानार्थ एवं शिक्षार्थ दशार्या गया है, उसे उन्हीं के शब्दों में एक जगह संकलन के रूप में शिक्षापयोगी बनाने का यह एक सार्थक प्रयास है। उन्होंने कहा है कि इस पुस्तक लेखन का अन्य कोई प्रयोजन नही है, वह केवल शिक्षा एवं शिक्षित वर्ग को अनकी ज्ञानपिपासा की शांति की प्रस्तुति मात्र है। शास्त्री ने कहा कि मेरा मानना है कि यदि समाज के सुधीजनों एवं बालमन के परिष्करण में इस पुस्तक का यदि अल्प योगदान भी हो पाया तो मेरा संकलन करने का प्रयास और उद्देश्य सार्थक एवं सफल होगा। इस मौके पर हरि चरनसिंह यादव (शास्त्री) द्वारा हिन्दी, संस्कृत भाषा के क्षेत्र में किये गये योगदान की महामहिम राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार द्वारा सराहना की गई। इस खास अवसर पर आर के सक्सेना, आर सी शर्मा, अनिल, डॉ ज्ञान सिंह, डॉ डी पी एस यादव, हेमेन्द्र सिंह, सतेन्द्र यादव, गीता यादव, दीपक यादव, तनिषा आदि उपस्थित रहे।



# जानकारी भी देना होगी, सुनवाई भी करना होगी, समाधान भी करना होगा इससे बचा नहीं जा सकता है: शैलेंद्र शर्मा

**वेलकम इंडिया**

**रामपुर।** कल नगर पालिका प्रशासन द्वारा हाउस टैक्स के लिए बुलाई गई बैठक से नगर पालिका ई०ओ० द्वारा चलती बैठक से कर निर्धारण अधिकारी समेत पूरे स्टाफ को उठाकर ले जाने पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा ने अपनी भावना का इजहार करते हुए कहा कि यह बड़े अफसोस की बात है कि पालिका चेयरपर्सन के ही द्वारा बुलाई गई बैठक में जब हमारे प्रश्नों का उत्तर दिया जाना चाहिए था लेकिन अधिशासी अधिकारी दे नहीं पा रहे थे और तर्क पूर्ण तथ्यात्मक रूप से की गई बातों का उनके पास कोई उत्तर नहीं था तो उन्होंने जानबूझ कर बिन कही बात पर नाराजगी जताते हुए नगर पालिका चेयरपर्सन के आसीन होते हुए भी बैठक से उठ कर चले जाना यह बहुत ही दुखद एवं



अपमानजनक बात है। शैलेंद्र शर्मा ने कहा कि हम महीनो से संपर्क कर ज्ञापनों द्वारा और विभिन्न बैठकों में मौखिक रूप से अपने कुछ प्रश्न, अपनी कुछ जिज्ञासा और जानकारी कि किस गणना के आधार पर यह टैक्स लगाया जा रहा है उस संबंध में व्यापक चर्चा करना चाहते हैं लेकिन बड़ी ही अफसोस की बात है की नगर पालिका चेयरपर्सन द्वारा बुलाई गई बैठक में जिस में हाउस टैक्स एवं वॉटर टैक्स संबंध में विस्तृत चर्चा होना थी और कोई समाधान निकालना था ऐसे अवसर पर ई०ओ० नगर पालिका का बीच बैठक में उठकर चले जाना उनके अहंकार का और इस बात का प्रमाण है कि वह एवं कर विभाग उक्त संबंध में कोई भी वार्ता करना नहीं चाहता है। चंपा धर्मशाला में उक्त संबंध में होने वाली बैठक पर चर्चा करते हुए अध्यक्ष महोदय ने कहा कि हर समस्या का समाधान संवाद के द्वारा ही किया जा सकता है और यह ही सर्वोत्तम विकल्प है। नगर पालिका जब इतने बड़े पैमाने पर इतना अधिक टैक्स लगाने जा रही है तो उसे पारदर्शिता के साथ टैक्स लगाने का आधार एवं पूरी जानकारी जिनके आधारों पर टैक्स निर्धारण किया जाना है जनता एवं जनप्रतिनिधियों से साझा करना चाहिए। उन्होंने बैठक में उपस्थित सभी साथियों से आवाहन किया की आप सभी लोग एक लंबी लड़ाई के लिए तैयार रहें यदि नगर पालिका प्रशासन उक्त संबंध में हमसे कोई बैठक नहीं करता है और हमें सड़कों पर उतरने को मजबूर करता है तो जल्द ही हम एक बड़े आंदोलन की तैयारी करेंगे जिसमें आप सभी और रामपुर की आम जनता भी शामिल रहेगी। बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों द्वारा एकमत से अध्यक्ष महोदय को आश्वासन दिया गया कि पूरा संगठन एवं प्रत्येक व्यापारी आपकी एक आवाज पर हर तरह की लड़ाई लड़ने को तैयार है।

# हाउस टैक्स वॉटर टैक्स को लेकर व्यापारी ने नगर पालिका के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की

**वेलकम इंडिया**

**रामपुर।** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल कार्यालय तिलक नगर कॉलोनी मे संगठन की एक बैठक आयोजित हुई इस बैठक में व्यापारियों व पदाधिकारी ने नगर पालिका के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की और इस पर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप अग्रवाल सोनी ने कहा कि पूरे नगर रामपुर में लगातार वर्ष 2019 से अब तक का हाउस टैक्स व वाटर टैक्स 50 गुना लगभग बढ़ा दिया गया है और अंधाधुंध नोटिस जारी नगर पालिका परिषद द्वारा किए गये हैं नगर पालिका परिषद रामपुर द्वारा बढ़ाया गया हाउस ट्रैक्स व वॉटर टैक्स समाप्त नहीं कराया गया है जबकि व्यापार मंडल द्वारा लगातार आम जनता के ऊपर हो रहे जुल्म व अत्याचार को रोकने हेतु आवाज वुलन्द की जा रही है आम जनता व्यापारी समाज व नगर पालिका सीमा के अंतर्गत आने वाले हैं उद्योगो व लघु उद्योगों पर भी भारी भरकम टैक्स वसूलने की तैयारी है जबकि रामपुर



शहर अर्थव्यवस्था की दृष्टि से अधिक पिछड़ा शहर है यहां से रोजगार के अभाव में 40% जनता यहां से दूसरे प्रदेशों अन्य देशों मे पलायन कर चुके हैं हाउस टैक्स व वॉटर टैक्स के 50 गुना बढ़ने से पूरे शहर में त्राहि मच गई है चारों ओर इस टैक्स से कोहराम मच गया है जनता में अब नगर पालिका परिषद की दहशत जनता के दिल में बैठ गई है जनता का रोते-रोते बुरा हाल है जबकि संज्ञान में आया है कि गाजियाबाद नगर निगम में जनप्रतिनिधियों के सभी के सहयोग से नगर निगम गाजियाबाद की बोर्ड की बैठक में टैक्स बढ़ाए जाने का प्रस्ताव निरस्त कर दिया गया है ।

# शौर्य और जांबाजों का सम्मान हमारे लिए सर्वोपरि : विष्णु महेरे



**वेलकम इंडिया**

**बाड़ी धौलपुर ।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बाड़ी के नजदीक इंदौरा गांव के मूल निवासी विष्णु स्वरुप शर्मा जो वर्तमान में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, गृह मंत्रालय नई दिल्ली में उपमहानिरीक्षक पुलिस के पद पर पदस्थ हैं उनकी शौर्य, वीरता, कर्तव्य परायणता हेतु भारत सरकार द्वारा स्वतंत्रता दिवस के मौके पर राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित किया गया है बाड़ी आगमन पर उनका राजस्थान की शान पगड़ी पहना कर भव्य नागरिक अभिनंदन किया, इस अवसर पर समाजसेवी अपना घर के संरक्षक विष्णु महेरे, ने कहा के जवानों के शौर्य, वीरता, कर्तव्य परायणता से ही देश के नागरिक चैन की नींद ले रहे हैं, ऐसे वीरों का हमें सम्मान करना चाहिए इस मौके पर ब्राह्मण समाज के पूर्व अध्यक्ष शिवकुमार खेमरिया, सिप्पी भारद्वाज, पवन खेमरिया, अन्नू विधोलिया, महावीर शर्मा, लक्ष्मण तिवारी , सतीशकुमार ,सुनीलआदि मौजूद रहे ।

# भुईयार समाज उत्थान समिति की बैठक हुई सम्पन्न

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**

**बिजनौर।** भुईयार समाज उत्थान समिति की एक आवश्यक बैठक महासिंह के नवनिर्मित व्यावसायिक भवन, निकट बक्सीवाला फाटक बिजनौर में आहुत की गई । सभा की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष करनपाल सिंह एवं संचालन समिति के महामंत्री बलजीत सिंह ने किया। अध्यक्ष ने अवगत कराया कि भुइयार समाज हेतु धर्मशाला का निर्माण कराया जाना प्रस्तावित है । जिसके लिए बिजनौर मुख्यालय पर भूमि का चयन हो गया है, जिसका क्षेत्रफल लगभग 192 वर्ग गज है। भुईयार समाज उत्थान समिति की बैठक मे राजपाल सिंह संरक्षक, विजयपाल सिंह संरक्षक, करणपाल सिंह अध्यक्ष , बलवंत सिंह कार्यकारी अध्यक्ष, बलजीत सिंह महामंत्री, ओंकार सिंह मंत्री, सुभाष सिंह



कोषाध्यक्ष, शेर सिंह प्रचार मंत्री, नरेंद्र सिंह, महासिंह, चरण सिंह, ओमकार विनायक , मानसिंह, संदीप कुमार, महेंद्र सिंह, पवन कुमार झीरन वाले , नरेंद्र सिंह शादीपुर, विजय सिंह प्रधान, जौनी, ओमवीर सिंह, धनीराम, सुरेंद्र कुमार, सुरेश कुमार, अशोक कुमार प्रधान, विजय सिंह पूर्व प्रधान पाडला एवं नूरपुर से मास्टर हरपाल सिंह, सभासद कैलाश सिंह, विजयपाल , देवराज सिंह , राजवीर सिंह आदि उपस्थित रहे।

# थाना राजाखेडा व डीएसटी टीम धौलपुर की संयुक्त कार्यवाही

**वेलकम इंडिया**

**राजाखेड़ा धौलपुर ।** पुलिस महानिरीक्षक भरतपुर रैन्ज भरतपुर कैलाशचन्द्र विश्नोई भा.पु.से. व पुलिस अधीक्षक जिला धौलपुर विकास सांगवान भा.पु.से. के निर्देशन व मनोज शर्मा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जिला धौलपुर तथा राजेश शर्मा आरपीएस सीओ वृत्त मनिया के निकटतम सुपरवीजन में मन थानाधिकारी रामकिशन यादव पु.नि. प्रेमसिहं एएसआई डीएसटी प्रभारी धौलपुर के नेतृत्व में डीएसटी टीम के सहयोग से पुलिस टीम द्वारा अबैध हथियार ले जाते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया।



# अफवाहों पर न दें ध्यान, शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं त्यौहार: थानाध्यक्ष



**असदुल्लाह सिद्दीकी**

**सिद्धार्थनगर।** आगामी त्यौहार गणेश पूजा, कजरी तीज, बारावफात, रबी-उल-अव्वल एवं विश्वकर्मा पूजा को लेकर जिले के सिद्धार्थनगर थानाध्यक्ष दुर्गा प्रसाद, चिल्हिया थानाध्यक्ष रामदेव व गोल्हौरा थानाध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता द्वारा थाना परिसर मे रविवार को पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई।

जिसमें अपने-अपने थाना के थानाध्यक्षों ने पीस कमेटी की बैठक दोनो समुदाय के धर्म गुरुओं एवं क्षेत्र के लोगों से शान्ति पूर्ण तरीकें से त्योहार मनाने की अपील की। पीस कमेटी की बैठक में थाना सिद्धार्थनगर प्रभारी निरीक्षक दुर्गा प्रसाद ने कहा कि त्योहार प्रेम व सौहार्द के प्रतीक होते हैं ऐसे में किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें। डीजे संचालन को लेकर उन्होंने मानकों के वितरीत डीजे बजाने पर सीज करने की चेतावनी दी। जेल चौकी प्रभारी अमित बालियन ने सभी से सहयोग की अपील की ताकि त्योहार आपसी भाईचारे और सौहार्द के माहौल में सम्पन्न हो सके। इस मौके पर सभासद राजाराम लोधी, मौलाना बरकत, जहीर सिद्दीकी, इमरान सिद्दीकी, सुधीर यादव, विशाल वरूण सहित ग्राम प्रधान मोहम्मद रफीक, बब्बू खां, इरान खां सहित क्षेत्र के लोग मौजूद रहे।

# साइकलिंग व्यक्तिगत और पर्यावरण स्वास्थ्य के अनुकूल : जिला कलक्टर

**वेलकम इंडिया**

**धौलपुर ।** भारत सरकार के युवा मामले और खेल मंत्रालय द्वारा शुरू किए गए फिटनेस अभियान इंडिया संडे ऑन साइकिल के अंतर्गत रविवार को जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन की ओर से साईकिल रैली का आयोजन किया गया। जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी और पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के नेतृत्व में पुलिस लाइन से शुरू हुई साईकिल रैली शहर के विभिन्न मार्गों से होकर आरएसी लाइन पहुंची। रैली में पुलिस एवं 6 वीं बटालियन आरएसी धौलपुर के अधिकारी, जवानों के साथ-साथ पुलिस मित्र, स्कूली छात्रा छात्राओं ने भी हिस्सा लिया। बैनर,पोस्टर के माध्यम से आमजन को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया।

इस दौरान जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी ने कहा कि पहला सुख निरोगी काया है। शरीर को स्वस्थ रखने के लिए सभी को योग, व्यायाम और अपनी रुचि को अनुसार किसी न किसी प्रकार की शारीरिक गतिविधि प्रतिदिन करनी चाहिए जिससे



कि हमारा शरीर फिट रह सके। उन्होंने कहा कि भारत सरकार के फिट इंडिया मूवमेंट की यह पहल साइकिलिंग को एक टिकाऊ, समावेशी और पर्यावरण-अनुकूल व्यायाम के रूप में बढ़ावा देती है। साइकलिंग व्यक्तिगत स्वास्थ्य के साथ-साथ पर्यावरण के स्वास्थ्य के लिए भी लाभदायक हैं। जिसके साइकिलिंग को व्यायाम के रूप में अपनाने से न केवल हृदय स्वास्थ्य में सुधार होता है और मानसिक स्वास्थ्य बेहतर होता है, यह सक्रिय रहने, तनाव दूर करने और प्रकृति के साथ फिर से जुड़ने का एक सरल लेकिन प्रभावशाली तरीका है। एसपी विकास सागवान ने बताया कि माननीय प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण के अनुरूप यह इस रैली का का उद्देश्य फिटनेस जागरूकता को बढ़ावा देना और साइकिलिंग को परिवहन के एक स्वस्थ एवं पर्यावरण-अनुकूल साधन के रूप में प्रोत्साहित करना है। उन्होंने साइकिल चलाने के विविध लाभों पर जोर दिया, उन्होंने साइकिल चलाने को फिट रहने और प्रदूषण की समस्या और यातायात का दबाव कम करने का एक उपाय बताया।

उन्होंने नागरिकों से आग्रह किया कि वे न केवल रविवार को बल्कि दैनिक जीवन के एक हिस्से के रूप में भी साइकिल चलाना अपनाएं। कार्यक्रम के बाद योग और जुंबा में भी पुलिस अधिकारियों और जवानों ने पसीना बहाया।

# पेड़ पर दिखा अजगर सांप गांव में मचा हड़कंप, कटहल तोड़ने गए व्यक्ति की बाल-बाल बची जान

**असदुल्लाह सिद्दीकी**

**उसका /सिद्धार्थनगर।** विकासखंड उसका बाजार के ग्राम बगही में 24 अगस्त को रविवार की सुबह 10 बजे उस समय हड़कंप मच गया जब महेंद्र प्रसाद चौरसिया के बगीचे में कटहल तोड़ने गए एक व्यक्ति को पेड़ पर विशाल अजगर सांप दिखाई दिया।, गांव के ही कुछ लोग महेंद्र प्रसाद चौरसिया के बगीचे में कटहल तोड़ने गए थे। जैसे ही उन्होंने पेड़ पर चढ़ना शुरू किया, एक व्यक्ति की नजर एक बड़े अजगर सांप पर पड़ी जो पेड़ की ऊपरी डालियों में लिपटा हुआ था। अजगर की मौजूदगी का पता चलते ही वहां अफरा-तफरी मच गई। लोगों ने शोर मचाकर अन्य ग्रामीणों को बुलाया। शिवचन्द चौरसिया ने बताया, ?हम लोग तो कटहल के चक्कर में पेड़ पर चढ़ गए थे, पर जैसे ही अजगर दिखा, सबके होश उड़ गए। वो तो अच्छा



हुआ कि किसी को नुकसान नहीं हुआ। घटना की सूचना मिलते ही ग्राम प्रधान और वन विभाग को भी सूचित किया गया। कुछ ही देर में वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और अजगर सांप को सुरक्षित पकड़कर वहां से ले गई। जनक नंदिनी चौरसिया ग्रामवासी ने कहा, ?पहले कभी इस तरह का जानवर यहां नहीं देखा गया। अब तो बच्चों को भी बाहर भेजने से डर लग रहा है। वन विभाग के अधिकारी ने बताया कि यह अजगर स्थानीय जंगलों से भोजन की तलाश में आबादी वाले क्षेत्र में आ गया होगा। उन्होंने लोगों से अपील की कि यदि कहीं इस तरह का कोई वन्य जीव दिखाई दे तो तत्काल विभाग को सूचित करें, स्वयं कोई कार्रवाई न करें।

# फिल्म अभिनेता राजपाल यादव के मीडिया प्रभारी सनी केसरी की माताजी का आकस्मिक निधन, क्षेत्र में शोक की लहर

**वेलकम इंडिया**

**प्रयागराज।** ज़िंदगी का सबसे बड़ा सहारा, माँ का साया, आज सनी केसरी से हमेशा के लिए छिन गया। फिल्म अभिनेता राजपाल यादव के मीडिया प्रभारी सनी केसरी की माताजी का आकस्मिक निधन हो गया। अचानक तबीयत बिगड़ने के बाद उन्होंने अंतिम सांस ली। यह दुखद समाचार सुनते ही परिवार, मित्रमंडली और पूरे क्षेत्र में गहरा सन्नाटा पसर गया। माताजी के निधन से हर आंख नम है और



दिलों में शोक की लहर दौड़ गई है। माँ का रिश्ता केवल जन्म देने का नहीं, बल्कि संपूर्ण जीवन संवारने का होता है। सनी केसरी की माताजी ने हमेशा परिवार को संस्कार, प्रेम और सहारे की ताकत दी। आज उनके चले जाने से सनी केसरी और परिवार खुद को बेहद अकेला महसूस कर रहे हैं। अंतिम संस्कार स्थानीय श्मशान घाट पर भावुक माहौल में संपन्न हुआ, जहाँ परिजन, रिश्तेदारों और शुभचिंतकों ने अश्रुपूरित नेत्रों से अंतिम विदाई दी।

# संविधान को बचाने और बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के विचारों को जन-जन तक पहुँचाना ही पीडीए का संकल्प

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

बिजनौर के नहटौर विधान सभा क्षेत्र के ग्राम हरपुर व नहटौर नगर की वाल्मीकि बस्ती में रविवार को समाजवादी पार्टी की ओर से पीडीए चर्चा बैठक का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सपा नेता एवं पूर्व प्रदेश सचिव व्यापार सभा उमेश वाल्मीकि पहुंचे। यहां पहुंचने पर कार्यकताओं ने उनका फूल-मालाओं से गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। बैठक को संबोधित करते हुए उमेश वाल्मीकि ने कहा कि यह कार्यक्रम समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देश पर आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने



कहा कि पीडीए पंचायत का मुख्य उद्देश्य समाज को जागरूक करना है। यह केवल एक राजनीतिक रणनीति नहीं बल्कि सामाजिक न्याय और समानता की लड़ाई है। वाल्मीकि ने कहा कि संविधान को बचाने और बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के विचारों को जन-जन तक पहुँचाना ही पीडीए का संकल्प है। बैठक में वक्ताओं ने महंगाई, बेरोजगारी और शिक्षा की बढ़ती लागत पर गहरी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार जानबूझकर शिक्षा को महंगा कर रही है, जिससे गरीब परिवारों के बच्चों के लिए शिक्षा प्राप्त करना कठिन हो गया है। लाखों बच्चे शिक्षा से वंचित हो रहे हैं। उन्होंने समाजवादी सरकार की योजनाओं को याद करते हुए कहा कि सपा सरकार में जितना विकास हुआ उतना अब तक नहीं हो सका। कन्या विद्याधन योजना, लैपटॉप वितरण योजना, 100 डायल, 102 और 108 एंबुलेंस जैसी योजनाओं से सीधे गरीब जनता को लाभ पहुंचा था। युवाओं को संबोधित करते हुए उमेश वाल्मीकि ने कहा कि वे बूथ स्तर तक सक्रिय होकर बीएलओ से संपर्क करें और नए मतदाताओं के नाम पंजीकृत कराएं। उन्होंने 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके युवाओं से समाजवादी विचारधारा से जुड़ने का आह्वान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता खराती लाल ने की तथा संचालन राजेश सहदेव ने किया। इस अवसर पर रामपाल सैनी, सुक्के सैनी, मुन्ना सैनी, शशि वाल्मीकि प्रदेश सचिव सपा महिला सभा, गौरव सहदेव, प्रकाश सहदेव, रविंद्र चनवाल, गुड्डू,खराती, विक्की सूद, आदेश पवार,रविया,शीशराम, रामकिशन, जगदीश, बन्टू, रामनाथ, सियाराम, महेंद्र सिंह, राजीव सैनी, सोनू, गजराज सिंह, डॉ. फिरोज अहमद, अल्ताफ, मेहताब अहमद, परवेज, शादाब, सुल्तान, रिहान, दानिश सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व ग्रामीण मौजूद रहे।

# इफको नैनो उर्वरक ही रासायनिक उर्वरक का वैकल्पिक रूप

वेलकम इंडिया




**मथुरा।** आर्य विलास होटल में जिला सहकारी सम्मेलन का आयोजित किया गया, जिसके मुख्य अतिथिः आदित्य कुमार दुबे संयुक्त आयुक्त एवं संयुक्त निबंधक सहकारिता आगरा मंडल, आगरा एवं विशिष्ट अतिथि वसंत कुमार दुबे उप कृषि निदेशक जनपद मथुरा ने कार्यक्रम में पधार कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।इसके अतिरिक्त विवेक कुमार कौशल सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता, आवेश कुमार सिंह जिला कृषि अधिकारी, डॉ योगेश कुमार शर्मा, अध्यक्ष एवं वरिष्ठ वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केंद्र दुआसू, दमन लाल शर्मा सचिव महाप्रबंधक जिला सहकारी बैंक मथुरा, तरुणेव यादव आर0एम0 पी0सी0एफ0 आगरा मंडल आगरा, डॉ.प्रहलाद सिंह वरिष्ठ प्रबंधक, इफको आगरा मंडल आगरा, एस. के सिंह पूर्व डी0जी0एम0 इफको आगरा, सतीश चंद्र यादव जिला प्रबंधक एवं सहकारिता विभाग के समस्त एडीसीओ, एडीओ की उपस्थिति सराहनीय रही। कार्यक्रम का संचालन सतवीर सिंह उप क्षेत्र प्रबंधक इफको मथुरा द्वारा किया गया। डॉ.प्रहलाद सिंह जी वरिष्ठ प्रबंधक इफको आगरा द्वारा नैनो उर्वरकों के लाभ बताए तथा पारंपरिक यूरिया से होने वाले नुकसान के बारे विस्तार से जानकारी दी महोदय ने बताया कि आलू की फसल हेतु कृषकों को एन०पी० के० अथवा डी ०ए ०पी ० जो अधिक आवश्यकता होती हैं जिसको किसानों द्वारा अधिक दाम खर्च करना पड़ता है जो हमारे पर्यावरण, मृदा, जल एवं वायु को दूषित करता है संतुलित मात्रा मे किसान भाई उर्वरकों का प्रयोग और सस्ते दामों में उपलब्ध नैनो डी ए पी जो सबसे पहले आलू के कंद को उपचारित करके बुवाई करे और 35-40 दिन बाद फसल पर छिड़काव करे कम लागत में अधिक गुणवत्ता युक्त उत्पादन प्राप्त करें। अंत में आलू की फसल में लगाए गए प्रदर्शन जिसमें बगैर दानेदार डीएपी का प्रयोग किया गया और नैनो डीएपी का प्रयोग करने पर अधिक उत्पादन मिला अनुभव साझा किया। आवेश कुमार सिंह जिला कृषि अधिकारी महोदय ने जनपद मथुरा में उर्वरक की उपलब्धता एवं वितरण के बारे में जानकारी से अवगत कराया।

डॉ योगेश कुमार शर्मा वरिष्ठ वैज्ञानिक जनपद मथुरा ने अपने संबोधन में कहा कि दानेदार यूरिया एवं डीएपी के स्थान पर नैनो उर्वरक का प्रयोग करें जिससे मर्दा के स्वास्थ्य पर्यावरण एवं जल को दूषित होने से बचाए जा सके और उत्पादन में भी वृद्धि हो सके। उप कृषि निदेशक श्री वसंत कुमार दुबे ने सहकारिता विभाग के समस्त अधिकारियों से अपील कि क्षेत्र में सचिवों एवं कृषको को जागरूक करें कि जो विभिन्न प्रकार की फसलों में रासायनिक उर्वरकों अंधाधुंध प्रयोग हो रहा है उसकी मात्रा को कम करें और वैकल्पिक रूप में नैनो उर्वरकों को बढ़ावा दें अंत में मुख्य अतिथि महोदय श्री अरविंद कुमार दुबे द्वारा संबोधन में बताया गया कि सहकारिता किसानो की संस्था है जो किसानों के लिए नई ऊर्जा के साथ कार्य कर रही। उन्होंने बताया कि इफको संस्था ने जो रासायनिक उर्वरक के वैकल्पिक रूप उर्वरक नैनो फर्टिलाइजर की खोज की है वह वास्तविक कृषि में एक नई क्रांति लाएगा उन्होंने जोर दिया कि हम सबको एक साथ मिलकर कृषकों को जागरूक करना होगा कि जो अंधाधुन रासायनिक उर्वरकों का प्रयोग कर रहे हैं उसकी मात्रा का प्रयोग कम करें और वैकल्पिक रूप में नैनो उर्वरक का प्रयोग करें जिससे मृदा के स्वास्थ्य पर्यावरण एवं जल को दूषित होने से बचाया जा सके इस कार्यक्रम में बिक्री प्रभारी राहुल मिश्रा, दुगार्पाल एवं कुलदीप चतुर्वेदी की उपस्थिति सराहनीय रही।

# विधायक ने जन चौपाल मे ग्रामीणों की सुनीं समस्याएं शीघ्र निराकरण का दिया आश्वासन


असदुल्लाह सिद्दीकी



**शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर।** बढ़नी ब्लाक के बसावन पाकर उर्फ मदरहिया व बसंतपुर में रविवार को आयोजित ग्राम चौपाल में मौजूद लोगों ने शोहरतगढ़ विधायक विनय वर्मा से अपनी-अपनी समस्याओं को साझा किया।जिसके बाद उन्होंने समस्याओं के शीघ्र निराकरण का आश्वासन दिया।इस दौरान क्षेत्रीय विधायक विनय वर्मा ने कहा कि शोहरतगढ़ विधानसभा क्षेत्र की समस्याओं के समाधान के लिए वह हमेशा प्रयासरत रहते हैं।बढ़नी में सीएचसी निर्माण, बढ़नी व शोहरतगढ़ में बस स्टेशन, अग्निशमन केंद्र, बारात घर, खेल स्टेडियम जैसी नई सौगात दिया। क्षेत्र में स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क, पेयजल, प्रकाश जैसी बुनियादी सुविधाएं सभी क्षेत्रवासियों को मिले, यही कोशिश की जाती है।उन्होंने कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा संचालित लोककल्याण कारी योजनाओं का लाभ सभी को बिना किसी भेदभाव का मिल रहा है।विधायक विनय वर्मा ने जन चौपाल के दौरान ग्राम पंचायत बसंतपुर मे ग्रामीणों से हाइमास्ट लाईट देने का वादा किया। इस दौरान बसंतपुर प्रधान इमरान अहमद, पूर्व प्रधान रामानन्द मौर्य, ओबीसी मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष राजू मौर्य, रानू श्रीवास्तव, नूर आलम, प्रदीप कमलापुरी, संतराम अग्रहरि, निसार अहमद, निर्मला श्रीवास्तव, विवेक गुप्ता, राजकिशोर मौर्य, राघवेन्द्र मौर्य आदि मौजूद रहे।

# दाऊजी महाराज मन्दिर गोवर्धन में बल्देव छठ महोत्सव का शुभ आयोजन 29 को

वेलकम इंडिया



**मथुरा/गोवर्धन।** भगवान व्रजराज श्री दाऊजी महाराज एवं माता रेवती मईया की असीम कृपा से विश्व प्रसिद्ध श्री दाऊजी महाराज मंदिर बड़ा बाजार, मोदी खाना के सामने इस वर्ष भी बल्देव छट महोत्सव का भव्य आयोजन होने जा रहा है। इस पावन अवसर पर सभी भक्तजन सपरिवार सादर आमंत्रित हैं। तिथिः 29 अगस्त 2025, शुक्रवार मंगल दर्शन प्रातः 06:00 बजे, जन्मोत्सव अभिषेक प्रातः 08:00 बजे, भंडारा महाप्रसाद दोपहर 12:00 से 03:00 बजे तक, रबड़ी एवं लड्डू महाभोग दोपहर 03:00 बजे, काव्य गोष्ठी (बृज साहित्य परिषद) सायं 04:00 से 05:00 बजे तक, फूल बंगला दर्शन झ सायं 05:00 बजे से, भजन संध्या झ बृज के ख्याति प्राप्त कलाकारों द्वारा, सायं 07:00 बजे से। ये जानकारी सेवायत बृजेन्द्र शर्मा (बबलू पंडित) ने दी।

# अवैध बसूली से हतप्रभ होकर रिफानइरी मजदूर ने की आत्महत्याः यूनियन लीडर

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** इंडियन ऑयल मथुरा रिफाइनरी के संविदा श्रमिकों ने मथुरा रिफाइनरी के मुख्य द्वार के सामने मजदूर एकता सभा कर मजदूर पर हो रहे उत्पीड़न और भेदभाव के विरुद्ध आंदोलन की हुंकार भरी। मजदूर इस बात से भी आक्रोशित थे कि कल एक श्रमिक ने आत्महत्या कर ली थी और आत्महत्या का कारण नौकरी जारी रखने के लिए उससे करीब डेढ़ लाख रुपया की नाजायज मांग बताई जा रही है। मजदूरों के साथ हो रहे लगातार के उत्पीड़न, भेदभाव, असुरक्षा और असुविधाओं से त्रस्त रिफाइनरी श्रमिक इस बात से भी आक्रोशित और आंदोलित हैं कि अधिकारियों के स्तर पर उनकी समस्याओं के निराकरण का कोई तंत्र विकसित नहीं किया गया है और खुलेआम पारिश्रमिक चोरी के साथ-साथ श्रम कानूनों का उल्लंघन हो रहा है। लेकिन रिफाइनरी प्रमुख मुकुल अग्रवाल हैं कि वह मजदूरों की पारिश्रमिक चोरी पर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं और न ही पारिश्रमिक चोरी को लेकर कोई ठोस कदम उठा रहे हैं। रिफाइनरी प्रमुख मुकुल अग्रवाल के कार्यकाल में मजदूर पारिश्रमिक चोरी से हतप्रभ होकर आत्महत्या तक कर रहे हैं, लेकिन रिफाइनरी प्रमुख मुकुल अग्रवाल के कान पर जू तक नहीं रेंगती है। वरिष्ठ मजदूर नेता शिवदत्त चतुर्वेदी की अध्यक्षता में हुई सभा को संबोधित करते हुए पेट्रोलियम वर्कर्स यूनियन कांट्रेक्ट वर्कर्स मथुरा रिफाइनरी यूनिट के अध्यक्ष मधुवन दत्त चतुर्वेदी एडवोकेट ने मथुरा रिफाइनरी सहित रिफाइनरी टाउनशिप और स्वर्ण जयंती अस्पताल के श्रमिकों की समस्याओं पर ध्यान केंद्रित करते हुए बताया कि दिनांक 25 अगस्त को रिफाइनरी मेन गेट लेकर से टाउनशिप तक पदयात्रा की जाएगी और 26 अगस्त से रिफाइनरी मुख्यद्वार पर क्रमिक भूखहड़ताल प्रारंभ की जाएगी। जिसमें चार-चार श्रमिक प्रतिदिन भूख हड़ताल करेंगे। मजदूरों ने ठान लिया है कि फिर भी समस्याओं का निराकरण रिफानइरी प्रमुख मुकुल अग्रवाल नहीं करते हैं तो सभी श्रमिक मिलकर आईओसीएल मुख्यालय दिल्ली पहुंचकर प्रदर्शन करेंगे। सभा के अंत में मृतक मजदूर रामप्रसाद को एक मिनट का मोन रखकर मजदूरों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

# कैबिनेट मंत्री ने नमो आकाश योग मुद्रा व 101 फिट तिरंगा का किया लोकार्पण



असदुल्लाह सिद्दीकी

**बिस्कोहर/सिद्धार्थनगर।** नगर पंचायत बिस्कोहर के परशुराम तिराहा पर रविवार दोपहर चार बजे उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री व जिले के प्रभारी मंत्री अनिल राजभर ने नमो आकाश योग मुद्रा व 101 फिट ऊंचा तिरंगा का फीता काटकर लोकार्पण किया। तिरंगा झंडा फहराते ही राष्टगान से कार्यक्रम स्थल गुंजायमान हो उठा। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम में कंपोजिट विद्यालय भरौली कैथोलिया के छात्राओं ने सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का स्वागत किया। लोकार्पण के दौरान पूर्व मंत्री डा .सतीश द्विवेदी , चेयरमैन अजय गुप्ता, अधिशासी अधिकारी अखिलेश दीक्षित व सुधीर रावत भी उपस्थित रहे। इस मौके पर गजेन्द्र प्रताप सिंह, बैजनाथ गुप्ता , लालजी शुक्ला, पंकज गुप्ता , सदानंद शुक्ला, राम नरेश पासवान, घनश्याम गुप्ता, लड्डू पाल सोनी, गोवर्धन यादव, सुरेश प्रजापति, पिंकू मोदनवाल आदि नगर क्षेत्र के भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# आने वाले समय में बांका होगा इंडस्ट्रीज का हब बांका वासियों का होगा उज्वल भविष्यः सम्राट चौधरी

एहसान अंसारी




**बांका:**बांका के चंद्रशेखर सिंह नगर भवन में आयोजित एनडीए विधानसभा सम्मेलन में बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने विपक्ष पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि बिहार एनडीए के नेतृत्व में लगातार विकास की राह पर आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में राज्य हर क्षेत्र में नई उपलब्धियां हासिल कर रहा है।उपमुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार में सड़क निर्माण की रफ्तार तेज हुई है, गांव-गांव तक जलापूर्ति योजनाएँ पहुँच रही हैं। गंगा का पानी हनुमाना डेम तक पहुँचाया जा रहा है, उद्योगों की स्थापना हो रही है। सरकार ने सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के तहत विधवा और विकलांग पेंशन में बढ़ोतरी की है।राहुल गांधी और तेजस्वी यादव की यात्रा पर कटाक्ष करते हुए सम्राट चौधरी ने कहा कि आज बिहार में दो लुटेरे घूम रहे हैं—एक का परिवार देश को लूट चुका है और दूसरे ने बिहार को लूटा है। उन्होंने कहा कि बिहार की जनता अब इनके झांसे में आने वाली नहीं है और आगामी विधानसभा चुनाव में नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए की सरकार एक बार फिर बनेगी।हजारों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद। सम्मेलन को बिहार सरकार के मंत्री हरि सहनी, मंत्री महेश्वर हजारी, बांका विधायक रामनारायण मंडल, बेलहर विधायक मनोज यादव, धोरैया के पूर्व विधायक मनीष कुमार, कटोरिया विधायक निक्की हेंब्रम, भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश मिश्रा, महिला जिलाध्यक्ष नीलम सिंह, जदयू जिलाध्यक्ष और लोजपा जिलाध्यक्ष सहित कई नेताओं ने भी संबोधित किया।इस मौके पर एनडीए घटक दलों के सभी प्रमुख नेता और हजारों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। चंद्रशेखर भवन में सम्मेलन के दौरान कार्यकताओं का जोश और उमंग देखते ही बन रहा था।

# अड़ींग पहुंची ब्रज चौरासी कोस परिक्रमा यात्रा का किया भव्य स्वागत



वेलकम इंडिया

**मथुरा/अड़ींग।** भक्तों द्वारा ब्रज चौरासी कोस परिक्रमा की जा रही है वहीं वृंदावन से मुरारी दास महाराज के नेतृत्व में लगभग 700 साधुओं द्वारा की जा रही ब्रज चौरासी कोस परिक्रमा आज गोवर्धन तहसील के गांव अड़ींग पहुंची जहां सुबह गांव के लोगों द्वारा बालभोग प्रसादी में खिचड़ी हलुवे का भगवान को भोग लगाकर साधुओं के लिए खिलाया वहीं दोपहर को साधुओं के लिए भोजन प्रसादी की भी व्यवस्था की आपको बताते चलें कि मुरारी दास महाराज की प्रति वर्ष वृंदावन से ब्रज चौरासी कोस परिक्रमा प्रारंभ होती है वही गांव अड़ींग में प्रति वर्ष परिक्रमा करने वाले साधुओं की भोजन प्रसादी की सेवा की जाती है साधुओं के लिए भोजन प्रसादी व बालभोग की व्यवस्था करने में मुख्य रूप से दीनदयाल भगत जी ,तेजपाल सिंह, प्रेमपाल सिंह के साथ-साथ गांव के यादव मोहल्ले के निवासियों का भी सहयोग रहता है प्रतिवर्ष मुरारी दास महाराज के नेतृत्व में की जाने वाली ब्रज चौरासी कोस परिक्रमा का भक्तों द्वारा गांव अडींग में स्वागत किया जाता है परिक्रमा करने वाले संतों ने कहा कि यह ब्रज चौरासी कोस की परिक्रमा ही नहीं है बल्कि आत्मिक शुद्धि लोक कल्याण की भावना से प्रेरित भी है इस परिक्रमा को हम धर्म संस्कृति व सनातन धर्म के प्रचार प्रसार हेतु भी कर रहे हैं।

# कर्मी बिगाड़ रहे आकाशवाणी की साख

वेलकम इंडिया

- बजट होने के बाद भी कई कई माह में होता है भुगतान
- कैजुअलों के भरोसे आकाशवाणी केन्द्रों पर मार्च से भुगतान नहीं

**मथुरा।** प्रसार भारती की साख को नाकारा किस्म के लोग बिगाड़ रहे हैं। भुगतान की व्यवस्था को इतना लचर कर दिया है कि बजट होने के बाद भी कयी-कयी माह तक भुगतान नहीं मिलता। हर क्षेत्र के विशेषज्ञ वातार्कार भी अब परेशान होने लगे हैं। कुछ सेक्सन के लोगों का भुगतान तो मार्च से बकाया है। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग को इसकी शिकायत की गई है।

विदित हो कि मथुरा आकाशवाणी केंद्र पर केवल 3 परमानेंट कर्मचारी-अधिकारी हैं जिन्हें कार्यक्रम निर्माण से लेकर गुणवत्ता नियंत्रण आदि सभी काम देखना है। कार्यक्रम निर्माण, प्रस्तुतीकरण सहित सारा काम करीब 60 कैजुअल एनाउंस - कंपेयरों के भरोसे है। इन्हें भी महीने में अधिकतम 6 ड्यूटी से ज्यादा नहीं मिल सकतीं। कयी लोगों तो एक -दो ड्यूटी ही मिल पाती हैं। इसका पैसा भी कयी-कयी माह बाद दिया जाने लगा है। यहीं हाल विशेषज्ञ वातार्कारों के भुगतान का है। परमानेंट एम्प्लाईज का वेतन महीने की आखिरी तारीख को आ जाता है लेकिन कैजुअल कर्मचारियों का तीन से पांच छह माह तक अटका के रखा जाता है। कैजुअल कंपेयर -एनाउंसरों का भुगतान जान बूझकर देरी से किया जा रहा है। किसान वाणी कार्यक्रम के बजट की समय से मांग नहीं की जाती। बजट आने के बाद भी महीनों घुमा दिया जाता है। इस सेक्सन के लोगों का भुगतान मार्च से बकाया चल रहा है लेकिन कोई सुनने वाला नहीं। कैजुअल कंपेयर दिलीप कुमार यादव ने राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग को इसकी शिकायत की है। 22 जुलाई को आयोग ने 84656 नंबर पर शिकायत रजिस्टर्ड कर आईएनवी मिनिस्ट्री व कृषि मंत्रालय को पत्र भेजा तो वहां से बजट रिलीज हुआ। अब बजट आगरा क्लस्टर हैंड कार्यालय में अटका है।

जब जैसी आवश्यकता है के अनुरूप काम लिया जाता है तो भुगतान भी साथ के साथ होना चाहिए। पहले वातार्कारों की वार्ता रिकार्ड होने के साथ ही चैक प्रदान कर दिया जाता था। अब तो सब कुछ इन लाइन है। एक क्लिक में भुगतान होना चाहिए और समय से होना चाहिए लेकिन नहीं किया जाता। आकाशवाणी के मथुरा सहित सभी केन्द्रों के कैजुअल्स के जीवन जीने के अधिकार का हनन किया जा रहा है । श्री यादव ने शुक्रवार को आगरा क्लस्टर हैड मयंक अग्रवाल को व्हाट्सएप पर अपनी पीड़ा मैसेज भेजकर व्यक्त की है।

# महा आठयों महोत्सव का भक्तिमय शुभारंभ

वेलकम इंडिया



कपकोट, गणेश उपाध्याय, कपकोट ब्लॉक के सुदूर उच्च हिमालयी क्षेत्र बदियाकोट की मनोरम पहाड़ी पर स्थित मां आदि बद्री भगवती माता के पावन धाम में नंदा देवी उपजात यात्रा महाआठयों पर्व का दिव्य औ? भव्य शुभारंभ हो गया है। महोत्सव में समस्त दानू बंशजों, पिंडर, सरयू घाटी, सहित 16 पट्टी गांवों समेत कुमाऊं औ? गढ़वाल के दूर-दूर के गांव औ? शहरों से भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचने लगे हैं। मंदिर क्षेत्र श्रद्धालुओं से खचाखच भर गया हैह्व समूचा क्षेत्र सुबह से ही मां के जयकारा से गुंजायमान हो गया हैह्व 16 साल के लंबे इंतजार के बाद इस साल हो रहे महा आठयों महोत्सव का समापन 31अगस्त को विशाल भंडारे के साथ होगा। मंदिर कमेटी ने महा पूजा को बेहतरीन बनाने के जबरदस्त इंतजाम किए हैं।मंदिरके मुख्य पुजारी सहित देवदास, देव डांगर, कुल परोहित, के अलावा मन्दिर कमेटी से जुड़े सदस्य महाआठयों पर्व को भव्य एवं दिव्य बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं, वही मंदिर में पूजा अर्चना, हेतु विशेष अनुष्ठान भी किए जा रहे हैं।मेले में हजारों श्रद्धालुओं ने मन्दिर में पूजा अर्चना कर अपनी मनोकामना पूर्ण करने हेतु माता रानी से मन्नत मांगी।

# सीमेंट सड़क पर कीचड़ पानी भरे रहने से स्कूल के छात्र छात्राएं निकलने के लिए बेहद परेशान

वेलकम इंडिया



**रामघाट/बुलंदशहर/ अलीगढ़** रामघाट कल्याण सिंह मार्ग जरगवां से चमेली देवी इंटर कालेज तक सीमेंट सड़क पर पानी भरे रहने से स्कूल के छात्र छात्राएं निकलने के लिए बेहद परेशान हैं जयप्रकाश शर्मा ने सड़क पर गंदगी पानी भरे रहने की एक वीडियो वायरल कर जिलाधिकारी को अवगत कराते हुए सड़क की जांच कराकर समस्या हल कराने की मांग की है। डिबाई तहसील क्षेत्र के गांव जरगवां निवासी जयप्रकाश शर्मा ने बताया कि अलीगढ़ रामघाट मार्ग से चमेली देवी इंटर कॉलेज तक मंडी समिति से सीमेंट सड़क बनी हुई है। लेकिन सड़क पर नालियों का पानी भरा रहता है जिसके कारण कॉलेज में शिक्षा ग्रहण करने के लिए आने वाले छात्र-छात्राएं निकलने के लिए बेहद परेशान हैं। सड़क पर कीचड गंदगी भरी रहने के कारण छात्रों को निकलते समय उनकी ड्रेस गंदी हो जाती हैं। सड़क के दोनों साइडों पर बने घरों का पानी नालियों में चल कर सड़क पर चलता रहता है जिसके कारण सड़क पर गंदगी बनी हुई है यही नहीं सड़क के किनारों पर ग्रामीणों ने गोबर के घूरे डाल रहे हैं।इसके कारण नालियां भी बंद है। जयप्रकाश शर्मा ने अखबार के माध्यम से जिलाधिकारी को अवगत कराते हुए जांच कराकर समस्या को हल कराने की मांग की है।

# एसओजी टीम ने किया बड़ा धमाल

**वेलकम इंडिया**



**बागेश्वर,** गोविन्द मेहता, जिले को अवैध स्मैक के नशे की गिरफ्त से छुड़ाने के लिए पुलिस का लगातार अभियान जारी है। युवाओ को अब स्थानीय अवैध नशे के सौदागरों के अलावा अब बाहरी राज्य के अवैध नशे के सौदागर भी यहां स्मैक तश्करी करने की कोशिश करने लगे हैं।पर एसओजी टीम द्वारा ऐसे कुछ अवैध स्मैक का कारोबार कर युवाओं का भविष्य खराब करने वाले संदिग्ध लोगों की गोपनीय जानकारी मिली।प्रदेश को नशामुक्त उत्तराखण्ड बनाये जाने के लिए सभी जिलों में चल रहे अभियान में बागेश्वर में पुलिस अधीक्षक चन्द्रशेखर घोडके,के निदेशानुसार तथा क्षेत्राधिकारी बागेश्वर अजय साह के पर्यवेक्षण में जनपद में मादक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे सघन चैकिंग अभियान के तहत एसओजी प्रभारी इंस्पेक्टर सलाउद्दीन और उनकी टीम द्वारा जिले में लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। तभी अमसरकोट मार्ग में द्वारिकाछीना के पास सघन चेकिंग अभियान में दो युवक संदिग्ध नजर आए।जिसके बाद एसओजी पुलिस टीम ने दोनों युवकों की गहनता से पूछताछ कर उनकी जांच की। पर वे दोनों युवक बड़ी चालाकी से पुलिस टीम को जांच के दौरान बचने के लिए कोशिश करने लगे और अपनी तेजतर्रार अंदाज में पुलिस टीम से बचने की कोशिश करने लगे तभी एसओजी टीम को उन पर अधिक शक हो गया।जिसके बाद गहनता से चेकिंग के दौरान टीम की तत्परता से दोनों युवकों से अवैध स्मैक की खेप बरामद कर ली गई। मामले का खुलासा करते हुए एसपी चन्द्रशेखर घोड़के ने बताया कि जिले में अवैध स्मैक का धंधा करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। एसओजी टीम ने दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर बड़ी मात्रा में अवैध स्मैक की खेप पकड़ी है।उन्होंने एसओजी टीम की कार्यशैली की सराहना करते हुए उनकी सफलता पर एसओजी टीम को बधाई दी।और अनवरत अवैध नशे के सौदागरों पर कानूनी कार्रवाई करने हेतु अभी और अवैध तश्करी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ करने हेतु अभियान जारी रखने के निर्देश दिए। साथ ही एसओजी टीम को पुलिस महानिरीक्षक कुमाऊ परिक्षेत्र द्वारा पांच हजार रुपये का नकद पुरुष्कार देने की घोषणा की। बताया कि पकड़े गए दोनों अभियुक्त पंजाब राज्य के है। चेकिंग के दौरान पकड़े गए अभियुक्तों सावनप्रीत सिंह पुत्र कलदीप सिहं निवासी नसेरा पनुवा थाना तरनतारन 19 वर्ष, जिला तरनतारन पंजाब के कब्जे से 24.29 ग्राम, व हरगुरजीत सिंह पुत्र बुटा सिंह निवासी म.न.02 जसवंत संह मोहल्ला नुरदी अड्डा तरनतारन पंजाब उम्र 18 के कब्जे से 22.95 ग्राम कुल 47.24 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई।दोनों अभियुक्तों एसओजी टीम ने गिरफ्तार कर कोतवाली पुलिस के हवाले कर दिया। दोनो अभियुक्त के विरुद्ध धारा 08/21 एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों को न्यायालय में पेश कर दिया है।वही इनके आपराधिक इतिहास की जानकारी भी जा रही है।बताया कि वर्ष अब तक पुलिस द्वारा विगत वर्ष की तुलना में चार गुना से भी अधिक अवैध स्मैक( हेरोईन ) बरामद कर नशा तस्करो के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की गई हैं।

# कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ने की ग्राम प्रधानों के साथ महत्वपूर्ण बैठक



**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**सचिन गुप्ता सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** कोतवाली बदोसरांय में नए प्रभारी निरीक्षक अजीत कुमार विद्यार्थी ने रविवार को ग्राम प्रधानों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में क्षेत्र के सभी प्रमुख ग्राम प्रधान शामिल हुए।कोतवाल ने सभी ग्राम प्रधानों से व्यक्तिगत परिचय किया। उन्होंने गांवों की स्थिति के बारे में विस्तृत जानकारी ली। प्रभारी निरीक्षक ने ग्राम प्रधानों से गांवों में शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की अपील की। साथ ही उन्होंने आश्वासन दिया कि किसी भी समस्या की स्थिति में पुलिस हर संभव मदद करेगी।बैठक में रेखा गुप्ता, निसार मेंहदी, औन मिंया, अनमोल रावत, रामतेज सोनकर, हाजी मुश्ताक अहमद, सद्दाम हुसैन और राजेश कुमार सिंह सहित कई ग्राम प्रधान मौजूद रहे। कोतवाल ने सभी से अपना मोबाइल नंबर साझा किया। उन्होंने कहा कि आवश्यकता पड़ने पर तुरंत संपर्क करें।

# उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष पांचवीं बार बने जितेन्द्र



**वेलकम इंडिया**

**झांसी।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ का मण्डलीय अधिवेशन शिक्षक रैन बसेरा में सम्पादित हुआ। इसमें बतौर मुख्य अतिथि माण्डलिक मंत्री / जिलाध्यक्ष ललितपुर राजेश लिटौरिया ने संगठन के गौरवशाली इतिहास पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि प्रदेश भर में शिक्षकों की समस्याओं को संकलित करते हुए प्रांतीय नेतृत्व द्वारा उच्च अधिकारियों को अवगत कराया जाता है। शिक्षकों की विभिन्न लम्बित समस्याओं को लेकर संघ संघर्षरत है। इसी क्रम में संघर्ष को तेज करने के उद्देश्य से झांसी जनपद में जितेन्द्र दीक्षित को जिलाध्यक्ष की कमान सौंपी गई है। पिछली कमेटी द्वारा निर्वाचन न कराने के कारण कार्यसमिति कालातीत हो गई थी जिसको भंग करते हुए यह निर्णय लिया गया है। साथ ही मृत्युंजय सिंह को जिला मंत्री का दायित्व सौंपा गया है।

# उत्तर प्रदेश उद्योग महिला व्यापार मंडल द्वारा दही हांडी उत्सव तथा जन्माष्टमी मनाई गई



**वेलकम इंडिया**

**झांसी!** जन्माष्टमी उत्सव के रंग, राधा कृष्ण के संग... आज उत्तर प्रदेश उद्योग महानगर महिला व्यापार मंडल द्वारा जन्माष्टमी का उत्सव बहुत धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत लड्डू गोपाल जी की पूजा अर्चना दीप प्रज्जवलन के साथ अध्यक्ष रजनी गुप्ता चेयरपर्सन अंजलि त्रिपाठी तथा महामंत्री निधि नगरिया व रजनी सेठ द्वारा की गई। कार्यक्रम में सभी सदस्याएं राधा कृष्ण यशोदा और गोपियों के रूप में तैयार होकर आई थी। इसके साथ ही कृष्ण बनी निधि ने मटकी फोड़कर दही हांडी उत्सव मनाया और सभी यशोदा राधा और गोपियां बनी सदस्याओं को माखन खिलाया। दही हांडी फोड़ने के बाद बरसाने की छोरी और मैया यशोदा पर ?अलका निधि रश्मि मनीला मनु इत्यादि ने खूबसूरत नृत्य परफॉर्मेंस दिए। अध्यक्ष रजनी गुप्ता ने सभी को माखन मिश्री भेंट किया। कार्यक्रम में अध्यक्ष रजनी गुप्ता अंजलि त्रिपाठी निधि नगरिया कल्पना गुप्ता पल्लवी चतुर्वेदी नेहा झा सीमा तिवारी रश्मि महेंद्रु शशि सराओगी दिव्या गुप्ता अनीता वासुदेव मनीला गोयल रजनी सेठ मनु भारती रचना सोनी मीनू चावला अलका मित्तल अनामिका टंडन रामश्री गुप्ता इत्यादि शामिल हुए । कार्यक्रम के अंत में निधि नगरिया और रजनी सेठ ने संयुक्त रूप से सभी का आभार व्यक्त किया।

# प्राथमिक शिक्षक संघ की श्रद्धा मणि बनी महिला जिलाउपाध्यक्ष

**वेलकम इंडिया**

**बाराबंकी।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जनपद बाराबंकी की बैठक जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह की अध्यक्षता में आहूत की गई। बैठक में शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं एवं उनके निस्तारण पर जिला अध्यक्ष अभिषेक सिंह द्वारा चर्चा परिचर्चा की गई। एक दिन की वेतन कटौती को मानव संपदा पोर्टल पर उपलब्ध आकस्मिक अवकाश के बैलेंस में परिवर्तित करने, समस्त पेंडिंग चयन वेतनमान आदेश को शीघ्र अतिशीघ्र निर्गत कराने, किसी कारण वश विद्यालय की उपस्थिति लॉक न होने की स्थिति में वेतन बाधित न होने, अंतर्जनपदीय स्थानांतरण प्राप्त शिक्षकों का शीघ्र अतिशीघ्र अवशेष वेतन आदेश निर्गत किए जाने संबंधी आदेश निर्गत किए जाने सहित अनेक बिंदुओं के निस्तारण की रणनीति तैयार की गई। इसी के साथ संगठन में महिला शिक्षिकाओं की अधिक से अधिक प्रतिभागिता एवं उनकी समस्याओं के निस्तारण के उद्देश्य से श्रद्धा मणि स०अ प्राथमिक विद्यालय पूरे मल्लाह विकास खंड हैदरगढ़ को उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जनपद बाराबंकी के जिला उपाध्यक्ष महिला पद पर मनोनीत किया गया। मनोनयन पत्र जिला अध्यक्ष अभिषेक सिंह एवं जिला महामंत्री नीरज वर्मा द्वारा सौंपा गया। इस अवसर पर जिला महामंत्री नीरज वर्मा, जिला उपाध्यक्ष विजय सिंह यादव, जिला मीडिया प्रभारी सौरभ वर्मा, विकास खंड हरख अध्यक्ष रवि वर्मा, विकास खंड सिद्धौर अध्यक्ष विनीत सिंह, विकास खंड हैदरगढ़ अध्यक्ष अभय प्रताप, संतोष सिंह, मीनाक्षी नारद, रेखा सिंह, भावना, रश्मि राय, विशाल शर्मा सहित अनेक शिक्षक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# इस्लामपुर घसौली में ऑपरेशन सवेरा पर गोष्ठी, ग्रामीणों ने किया पूर्ण समर्थन

**वेलकम इंडिया**



**कांधला। संवादाता मोहसीन रहमानी।** थाना क्षेत्र के गांव इस्लामपुर घसौली में थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन सवेरा के अंतर्गत आयोजित किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य नशा मुक्ति और समाज को नशे से पूरी तरह मुक्त बनाना है। इस दौरान सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। रविवार को क्षेत्र के गांव इस्लामपुर घसौली में ऑपरेशन सवेरा के अंतर्गत गोष्ठी आयोजित की गई गोष्ठी में थाना प्रभारी ने कहा कि नशा समाज और नई पीढ़ी दोनों को बबार्दी की ओर ले जाता है। पुलिस प्रशासन ने साफ कर दिया है कि किसी भी कीमत पर, किसी भी हालत में, किसी भी स्थान पर नशे की बिक्री या खपत नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि यदि गांव या आसपास कहीं भी नशे का कारोबार दिखे तो तुरंत थाना पुलिस को इसकी सूचना दें। गोष्ठी में ग्रामीणों ने थाना प्रभारी की अपील का समर्थन करते हुए आश्वासन दिया कि गांव में नशे का कोई भी काम नहीं होने दिया जाएगा। ग्रामीणों ने कहा कि नशे से बचकर ही आने वाली पीढ़ी सुरक्षित और स्वस्थ रह सकती है। गोष्ठी में उपस्थित लोगों ने नशा मुक्ति के लिए शपथ ली।ग्रामीणों ने थाना प्रभारी सतीश कुमार की पहल की सराहना की और कहा कि इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम समय-समय पर होते रहने चाहिए ताकि समाज को नशे से मुक्त किया जा सके।

# इस्लामपुर घसौली में पुलिस की मुनादी, बदमाश संजय जिला बदर

**वेलकम इंडिया**



**कांधला। संवादाता मोहसीन रहमानी** थाना पुलिस ने रविवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए कुख्यात बदमाश संजय पुत्र सोम सिंह को 6 माह के लिए जिला बदर घोषित कर दिया। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार एवं गंगेरू चौकी प्रभारी विक्रम भाटी पुलिस बल के साथ गांव इस्लामपुर घसौली पहुंचे और ढोल-नगाड़ों के साथ मुनादी कराई।पुलिस ने ग्रामीणों को सार्वजनिक रूप से सूचना देते हुए चेतावनी दी कि यदि आरोपी संजय जनपद शामली की सीमा में कहीं दिखाई दे तो तुरंत पुलिस को अवगत कराएं। पुलिस अधिकारियों ने साफ कहा कि यदि संजय छह माह की अवधि में जनपद की सीमा में पाया गया तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।गौरतलब है कि संजय पर आपराधिक गतिविधियों में लिप्त होने के कई आरोप हैं, जिस कारण उसकी बढ़ती हरकतों पर अंकुश लगाने के लिए यह कदम उठाया गया है। पुलिस की इस कार्रवाई से ग्रामीणों ने राहत की सांस ली और कानून व्यवस्था पर भरोसा जताया। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि संजय पुत्र सोम सिंह एक बदमाश जिसके ऊपर थाने पर कहीं आपराधिक मामले दर्ज हैं। आरोपी को अपर जिलाधिकारी के आदेश पर 6 माह के लिए जिला बदर किया गया है।

## कामेश्वर मंदिर से शुरू होकर कुंतेश्वर किंतूर तक निकाली गई शिव बारात

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** मेलरायगंज मजरे करामतपुरवा में रविवार को शिव बारात का आयोजन किया गया। बारात कामेश्वर मंदिर से शुरू होकर कुंतेश्वर किंतूर तक निकाली गई। बारात का रास्ता पंजरौली चौराहा होते हुए हनुमान मंदिर से होकर गुजरा। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। भक्तों ने डीजे की धुन पर भक्ति गीतों के साथ नृत्य किया। माताएं, बहनें और छोटे-छोटे बच्चे भी बारात में शामिल हुए। श्रद्धालुओं ने रंग और गुलाल उड़ाते हुए बारात में हिस्सा लिया।कमेटी के सदस्यों ने बताया कि हर साल की तरह इस बार भी बारात का आयोजन किया गया। सभी लोगों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गईं। कार्यक्रम में राजू, मनोज, विनोद, रामनारायण, तेजकुमार, अनिल, अवधेश, जगजीवन और संतराम सहित कई श्रद्धालु मौजूद रहे।

## जहरीले सांप के काटने से हुई युवक की मौत

**सिद्धौर बाराबंकी।** घर से मजदूरी करने गए युवक को एक जहरीले सांप ने काट लिया।गंभीर हालत में उसे अस्पताल ले जाया गया जहां उसकी मौत हो गई । असंद्रा थाना क्षेत्र के भेड़िया गांव निवासी दुखीराम बीते 22 अगस्त को मजदूरी करने बाराबंकी गया था।दिन में मजदूरी करने के बाद देर शाम वह कमरे पर आया।रात्रि में भोजन करके सो रहा था।इसी दौरान किसी जहरीले सांप ने उसे काट लिया।हालत बिगड़ने पर उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई।युवक की मौत से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

# सहकारी गन्ना विकास समिति गनौली के प्रबंध समिति की बैठक संपन्न

**वेलकम इंडिया फतेह खान**



**रुदौली-अयोध्या।** सहकारी गन्ना विकास समिति गनौली की बैठक समिति सभागार में चेयरमैन निर्मल शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक में यूरिया खाद के लिए किसानों के बीच हो रही दिक्कत का मुद्दा प्रतिनिधि डॉ. राम भवन रावत ने उठाया। बोर्ड की बैठक में निर्णय लिया गया कि गन्ना समिति गनौली द्वारा शीघ्र यूरिया का आवंटन कराकर वितरण कराया जाय। इस पर सचिव अनिल कुमार ने बताया कि अधिकारियों से बातचीत हो गई है। आने वाले दो तीन दिनों में यूरिया का उठान कराकर समिति मुख्यालय पर वितरण कराया जायेगा। बैठक में समिति गोदाम भेलसर के विस्तारीकरण, दुकान के आवंटन में पगड़ी व्यवस्था, आय व्यय, किसानों में उन्नतिशील गन्ना बीज वितरण, कार्यालय के ग्राउंड फ्लोर की मरम्मत सहित सभी प्रस्तावों का समर्थन तथा पिछले तीन वित्तीय वर्षों में परिषद द्वारा गन्ना किसानों को अनुदान दिए गए। और कृषको की सूची अगली बैठक में उपलब्ध करायें जाने सहित अनेक प्रस्ताव पास किए गए। बैठक में गन्ना डायरेक्टर उपा सुरेश निषाद, राम प्रेस यादव, प्रतिनिधिगण राम भवन रावत, राम मगन यादव, अनुशील सिंह, प्रदीप वर्मा, राकेश यादव, राजेंद्र सिंह, दगपाल सिंह, मनमोहन पाण्डेय, अमृत लाल वर्मा, गन्ना प्रबंधक अजीत राय, समिति सचिव अनिल कुमार, सीनियर सीडीआई एवं राजेश यादव सहित सैकड़ों किसान उपस्थित थे।

# एस.आर. ग्लोबल स्कूल के विद्यार्थियों ने सीडीआरआई में मनाया राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस

**समर्थ कुमार सक्सेना**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में एस.आर. ग्लोबल स्कूल के विद्यार्थियों ने सीडीआरआई (केंद्रीय औषधि अनुसंधान संस्थान) का भ्रमण किया, जहाँ राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर विद्यार्थियों ने एनएसपीडी (ठरस्त्रऊ) के अंतर्गत आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे ड्रॉइंग, स्पेस मॉडलिंग तथा क्विज प्रतियोगिता में सक्रिय रूप से भाग लिया। इन प्रतियोगिताओं का उद्देश्य विद्यार्थियों में रचनात्मकता, नवाचार और अंतरिक्ष विज्ञान के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम के दौरान वैज्ञानिकों ने विद्यार्थियों को प्रेरित किया और अंतरिक्ष विज्ञान से जुड़ी कई महत्वपूर्ण जानकारियाँ साझा कीं। उन्होंने बताया कि कैसे अंतरिक्ष अनुसंधान भारत के भविष्य के लिए नई संभावनाएँ खोल सकता है और विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया कि वे भी इस क्षेत्र में करियर बनाकर इसरो (करफड) को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अग्रणी संगठन बनाने में योगदान दें।



# मोदीनगर- हापुड़ रोड पर रेलवे ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य प्रारंभ

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** मोदीनगर-बागपत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के सांसद डा0 राजकुमार सांगवान, विधायक डा0 मंजू शिवाच, भोजपुर की ब्लाक प्रमुख सुचेता सिंह एवं नगर पालिकाध्यक्ष विनोद वैशाली आदि जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में मोदीनगर-हापुड़ रेलवे क्रासिंग पर बनने वाले बहुप्रतीक्षित प्रस्तावित ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य आज रविवार को धार्मिक मंत्रोच्चारण के साथ एवं भूमि पूजन के साथ विधिवत प्रारंभ हुआ। सभी ने विश्वास जताया कि ह्लवाईह्ल आकार वाले प्रस्तावित आर.ओ.बी. के बन जाने के बाद यहां अति व्यस्ततम राज चौपला, मेरठ-दिल्ली मार्ग एवं मोदीनगर-हापुड़ मार्ग पर आए दिन के जाम की विकट समस्याओं से क्षेत्रवासियों को राहत मिलेगी, साथ ही क्षेत्र के आर्थिक, औद्योगिक, सामाजिक एवं शैक्षिक विकास को बल मिलेगा तथा मोदीनगर-हापुड़ मार्ग से जुड़े दर्जनों गांवों के लाखों गन्ना उत्पादकों-किसानों, कारोबारियों, उद्यमियों एवं छात्र-छात्राओं को आवागमन की सुविधा हो जाएगी व ध्वनि प्रदूषण से भी निजात मिलेगी। क्षेत्रवासियों का समय, धन व श्रम बचेगा। पूर्व विधायक प्रशांत चौधरी, कंपनी के एमडी विवेक भाटी ने जनप्रतिनिधियों एवं शहर के लोगों को आश्वासन दिया कि वह पूर्ण गुणवत्ता के साथ आरओबी का निर्माण कार्य दो वर्ष की अवधि में पूर्ण करेंगे। ओवर ब्रिज के निर्माण कार्य पर 48 करोड़ रुपए की लागत आएगी। पालिकाध्यक्ष विनोद वैशाली ने आगुन्तक अतिथियों का स्वागत करते हुए विश्वास जताया कि प्रस्तावित आर.ओ.बी. का निर्माण कार्य गुणवत्ता पूर्वक निर्धारित समयावधि में पूर्ण हो जाएगा। प्रभावित दुकानदारों ने रखी समस्याएं- इससे पूर्व प्रस्तावित आर.ओ.बी. के निर्माण पर यहां राज चौपले के प्रभावित दुकानदारों ने अपने अनिश्चित भविष्य एवं रोजी-रोटी संबंधित समस्याएं जनप्रतिनिधियों के समक्ष रखी, तो सांसद व विधायक ने उन्हें भरोसा दिलाया कि उनकी समस्याओं का यथाशीघ्र समुचित निस्तारण कराया जाएगा। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी अजित सिंह तथा नगर पालिका के सभी सभासद, पूर्व पालिका अध्यक्ष पं0 रामआसरे शर्मा, रामकिशोर अग्रवाल, स्वदेश जैन जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन कृष्ण वीर सिरोही, निवाड़ी के अध्यक्ष अनिल त्यागी, पवन सिंघल, अमित चौधरी बबली गुर्जर सिद्धार्थ चौधरी सत्येंद्र त्यागी पालिका के सभी सभासद, भाजपा नेता व गणमान्य शहरवासी मौजूद थे।



# मेडिकल कॉलेज में डॉक्टरों ने काट दी युवती की अंगुली, परिजनों से कराए कोरे कागजों पर दस्तखत

वेलकम इंडिया/चरन सिंह



**बरेली।** बरेली के एक मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल पर लापरवाही का सनसनीखेज मामला सामने आया है। इस मेडिकल कॉलेज में इलाज कराने गई पीलीभीत की एक युवती की डॉक्टरों ने बिना परिवार को बताए उसकी अंगुली काट डाली। आरोप है कि अस्पताल प्रशासन ने परिजनों को धोखे में रख उनसे कोरे कागजों पर हस्ताक्षर भी करा लिए। जब परिवार ने आपत्ति जताई तो उन्हें गाली-गलौज कर धक्का देकर बाहर निकाल दिया गया। पीलीभीत के थाना जहानाबाद क्षेत्र के गांव भूड़ा मगरासा निवासी संगीता ने थाना बारादरी पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी बहन उषा गंगवार के पैर की दो अंगुलियां जुड़ी हुई थीं। इलाज के लिए 1 अगस्त को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। 5 अगस्त को सर्जरी की गई और 8 अगस्त को छुट्टी दे दी गई। बाद में दो बार पट्टी बदलने के लिए बुलाया गया। 18 अगस्त को जब वह अपने पिता के साथ पहुंची तो डॉक्टरों ने भर्ती करने की बात कही। दो दिन बाद दोबारा भर्ती कर लिया गया और डॉक्टरों ने बिना बताए उषा की एक अंगुली काट दी। परिवार का कहना है कि अंगुली काटने की जानकारी तक उन्हें नहीं दी गई, बल्कि पिता से कोरे कागजों पर हस्ताक्षर करा लिए गए। जब सच्चाई पता चली और परिवार ने सवाल पूछे तो अस्पताल प्रशासन उल्टा अभद्रता पर उतर आया। परिजनों के साथ गाली-गलौज की गई और मारपीट की धमकी दी गई। आरोप है कि डॉक्टरों ने जबरन छुट्टी देकर मरीज को घर भेज दिया। पीड़िता की हालत अभी भी नाजुक बनी हुई है। परिजनों का आरोप है कि डॉक्टरों की लापरवाही और मनमानी से उनकी बेटी का भविष्य बर्बाद हो गया, साथ ही इलाज के नाम पर भारी रकम भी वसूली गई। पीड़िता की बहन संगीता ने थाना बारादरी में शिकायत दर्ज कर दोषी डॉक्टरों और अस्पताल प्रशासन पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

# पति ने पत्नी की हत्या का प्रयास किया, जब बच निकली तो खुद फांसी के फंदे पर लटका

वेलकम इंडिया/सुनील गुप्ता



**बदायूं।** इस्लामनगर थाना क्षेत्र में एक युवती का रविवार सुबह करीब चार बजे अपने पति से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। जिसके बाद पति ने पहले पत्नी का गला दबाकर जान से मारने का प्रयास किया और बाद में चाकू से गले पर वार कर दिया। इस घटना में घायल हुई महिला रात में ही घर से निकलकर इस्लामनगर चली आई और कस्बे में आकर पुलिस चौकी के पास बेहोश होकर गिर गई। उधर, पति ने देखा कि उसकी पत्नी बच निकली है तो उसने पुलिस के डर से कमरे में ही फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। थाना पुलिस ने युवती को गंभीर हालत में राजकीय मेडिकल कालेज में भर्ती कराया है। जहां उसका उपचार चल रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दोनों ने चार माह पहले ही प्रेम विवाह किया था। युवक मौर्य तो युवती जाटव समाज से है। यूपी के बदायूं स्थित इस्लामनगर थाना क्षेत्र के गांव छीतरपुर महरोला की रहने वाली 29 वर्षीय युवती सपना ने करीब 11 साल पहले क्षेत्र के ही एक युवक से प्रेम विवाह कर लिया था। जिसके बाद वह उसके साथ बहजोई के मौर्य मोहल्ले में रहने लगी। इसी दौरान संभल जिले के बहजोई थाना क्षेत्र के गांव दिलबौरा के रहने वाले करन मौर्य से उसकी मुलाकात हो गई।

# एस आर एम आईएसटी, दिल्ली-एनसीआर कैंपस में प्रेरणा दिवस नई ऊर्जा और उत्साह के साथ मनाया गया

वेलकम इंडिया



मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)। एस आर एम आई एसटी, दिल्ली-एनसीआर कैंपस, गाज़ियाबाद (उ.प्र.) में 23 अगस्त 2025 को कुलाधिपति डॉ. टी. आर. पारिवेंदर के जन्मदिवस के अवसर पर प्रेरणा दिवस बड़े हर्ष और उल्लास के साथ आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में दीपक सिंघवाल, आईएएस (संयुक्त मजिस्ट्रेट, गाज़ियाबाद) तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में एंग्लो-ईस्टर्न शिप मैनेजमेंट लिमिटेड, गुरुग्राम के सहायक महाप्रबंधक (इंजीनियरिंग कैडेट भर्ती) एवं मुख्य अभियंता ऋषि राज राणा की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ, जिससे पूरे वातावरण में पवित्रता और सकारात्मकता का संचार हुआ। इसके पश्चात अतिथियों का सम्मान किया गया और डीन प्रो. (डा.) विजयलक्ष्मी अयंगार ने स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत किया। निदेशक- एसआरएम आईएसटी दिल्ली-एनसीआर डॉ. एस. विश्वनाथन, डीन-डॉ. आर. पी. महापात्रा ने अपने विचार व्यक्त किए। इसके बाद केक काटकर आनंद साझा करने का विशेष क्षण उपस्थित जनसमूह के लिए आकर्षण का केंद्र रहा। विशिष्ट अतिथि ऋषि राज राणा ने प्रेरक संबोधन दिया। मुख्य अतिथि दीपक सिंघवाल ने कहा कि प्रेरणा दिवस केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि यह प्रत्येक छात्र के लिए नई दिशा और उत्साह का संचार करने का माध्यम है। इस अवसर पर अकादमिक एक्सीलेंस अवार्ड 2025 प्रदान कर उत्कृष्ट विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का समापन डॉ. ए. गीता भवानी के धन्यवाद ज्ञापन और राष्ट्रगान के साथ हुआ। कार्यक्रम पर निदेशक डॉ. एस. विश्वनाथन, डीन डॉ. आर. पी. महापात्रा, डीन आईक्यूएसी डॉ. धौम्या भट्ट, डीन विज्ञान एवं मानविकी डॉ. नवीन अहलावत, डीन एफएमएस, डॉ. विजयलक्ष्मी अयंगर तथा डीन रिसर्च डॉ. ए. गीता भवानी की उपस्थिति और मार्गदर्शन ने कार्यक्रम को और अधिक गरिमामयी बनाया। यह आयोजन न केवल विद्यार्थियों के उत्साह को नई उड़ान देने वाला सिद्ध हुआ, बल्कि इसने उन्हें यह विश्वास भी दिलाया कि सतत प्रयास और सकारात्मक सोच ही जीवन में सफलता की कुंजी है।

# नहाते समय आमी नदी में डूबने से 16वर्षीय किशोर की मौत

वेलकम इंडिया



**संतकबीरनगर।** कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र के मगहर चौकी अंतर्गत कबीर चौरा स्थित पंचवटी शिव मंदिर के आमी नदी घाट पर रविवार की सुबह नहाते समय एक किशोर की नदी में डूबने से मौके पर ही मौत हो गयी।सूचना पर पहुंची मगहर पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से नदी में किशोर की तलाश कराना शुरू किया। लगभग एक घंटे की मशक्कत के बाद लाश को नदी से बाहर निकाला गया।पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पंचनामे के बाद पोस्टमार्टम के लिये जनपद मुख्यालय भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार दिल्ली के नंद नगरी थाना अंतर्गत ताहिरपुर निवासी 16 वर्षीय अभिजीत पुत्र विनोद रविवार की सुबह अपने छोटे भाई सूरज के साथ कबीर चौरा स्थित पंचवटी शिव मंदिर घाट पर आमी नदी में नहा रहा था।इसी बीच अभिजीत नदी में डूबने लगा जिसको देखकर छोटे भाई ने शोर मचाया तो आसपास मौजूद लोग इकट्ठा हो गये। मौके पर पहुंचे स्थानीय सभासद प्रतिनिधि मोहम्मद असअद ने घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी।सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचकर दीवान ओमप्रकाश राय हमराही सिपाही अरमान खान ने स्थानीय मछुआरों की मदद से नदी में किशोर की तलाश की। लगभग एक घंटे की मशक्कत के बाद किशोर को नदी से बाहर निकाला जा सका तब तक किशोर की मौत हो चुकी थी। मृतक का छोटा भाई सूरज काफी समय से मगहर कबीर मठ में रह कर पढ़ाई करता है।शनिवार को ही मृतक अभिजीत अपने पिता विनोद के साथ अपने छोटे भाई सूरज से मिलने के लिये मगहर कबीर चौरा मठ आया हुआ था।

# टेडएक्स आरकेजीआईटी 2025: विचारों और नवाचार के उत्सव का सफल आयोजन

वेलकम इंडिया



**गाज़ियाबाद, (अनिल वशिष्ठ)।** राज कुमार गोयल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आरकेजीआईटी), गाजियाबाद में संस्थान का पहला टेडएक्स आरकेजीआईटी भव्य आयोजन के साथ संपन्न हुआ। दिनभर चलने वाले इस कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों से आए विचारक, विशेषज्ञ और वक्ताओं ने अपने अनुभवों और विचारों को साझा किया।कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके पश्चात निदेशक डॉ. बी.सी. शर्मा ने स्वागत भाषण दिया। डीन (ईआईआई) डॉ. पुनीत चंद्र श्रीवास्तव ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की तथा वाइस चेयरमैन श्री अक्षत गोयल ने छात्रों को सम्बोधित कर प्रेरित किया। इसके बाद प्रेरणादायी टेड टॉक्स की श्रृंखला आरंभ हुई झसंदीप त्यागी (फिटनेस कोच) ने स्वास्थ्य और जीवनशैली पर विचार रखे। अनुभव राजपूत (सीआईओ एवं सीईओ, पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस) ने वित्तीय प्रबंधन और नेतृत्व पर अपनी बात रखी। स्वाति कश्यप (लाइफस्टाइल एवं फैशन इन्फ्लुएंसर) ने युवाओं को आत्मविश्वास और सृजनात्मकता का संदेश दिया। मेजर रुद्राशीष मजूमदार (पूर्व सैन्य अधिकारी एवं बॉलीवुड एक्टर) ने अनुशासन और नेतृत्व पर प्रेरक अनुभव साझा किए। डॉ. अदिति गुप्ता (संस्थापक, तकनीकी टिप 24) ने तकनीक और नवाचार के महत्व पर प्रकाश डाला। सूर्यांशु शुक्ला (युवा ट्रैवल व्लॉगर) ने यात्राओं और जीवन के अनुभवों को कहानियों के रूप में प्रस्तुत किया। समापन सत्र में ग्रुप एडवाइजर डॉ. लक्ष्मण प्रसाद ने प्रेरक उद्बोधन दिया और तत्पश्चात डॉ.मोनिका सचदेव ( प्रिंसिपल फॉमेर्सी) ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। सभी मेंटर्स, अतिथियों और प्रतिभागियों का सम्मान किया गया।इस आयोजन ने छात्रों, फैकल्टीज और प्रतिभागियों के बीच नए विचारों को साझा करने और प्रेरणा प्राप्त करने का अवसर प्रदान किया।

# राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि की 18वीं पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में रक्तदान शिविर का आयोजन



वेलकम इंडिया

मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)। प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय, मोदीनगर शाखा के पावन प्रांगण में विश्व बंधुत्व दिवस एवं राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि जी की 18वीं पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में आज रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर लगभग 50 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। समाजसेवा की भावना से प्रेरित अनेक भाई-बहनों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर मानवता की सेवा में अपना अमूल्य योगदान दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक डॉ. मंजू सिवाच के द्वारा किया गया। रक्त संग्रहण का कार्य आर.के. चैरिटेबल ब्लड सेंटर, मोदीनगर टीम द्वारा सम्पन्न हुआ, जिसमें डॉ. तुषार त्यागी, रोहित कंसल, नीरज शर्मा, कपिल कुमार, श्रीमती दुर्गेश प्रजापति, हर्षित त्यागी, अजय, जफर आदि ने सक्रिय सहयोग दिया। शिविर का संचालन एवं संपूर्ण देखरेख सेंटर इंचार्ज बी.के. नीतू बहन के मार्गदर्शन में किया गया। यह शिविर प्रातः 9:30 बजे से सायं 5:00 बजे तक निरंतर चलता रहा। इस अवसर पर योगेन्द्र शर्मा, बी.के. कुंतेश, बी.के. आरती बहन, वर्षा, शालू, अभय सहित अनेक सेवाधारी भाई-बहन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में रक्तदाताओं को सम्मानस्वरूप सर्टिफिकेट प्रदान किए गए।

# काजीपुर में दरवाजे पर खड़ी दो मोटरसाइकिल गायब

वेलकम इंडिया

**संतकबीरनगर।** कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र के मगहर कसबे के मोहल्ला काजीपुर में बीती शुक्रवार/शनिवार की देर रात एक मकान के दरवाजे पर खड़ी एक बुलेट मोटरसाइकिल व एक हीरो स्प्लेंडर की मोटरसाइकिल चोरों द्वारा चुरा लेजाने का मामला प्रकाश में आया है।सूचना पर 112नम्बर पुलिस के साथ ही मगहर पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच में जुटी रही।पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने चोरी का मुकदमा दर्ज कर करवाई करने में जुट गयी है। पीड़ित सिकन्दर पुत्र दीनानाथ निवासी मठिया भोपरिया थाना सेवरही जनपद कुशीनगर ने पुलिस को लिखे प्रार्थना पत्र में लिखा है कि मगहर के काजीपुर मुहल्ले में स्थित सेवानिवृत्त शिक्षक रामशंकर यादव के मकान में किराये पर रहकर गीडा सेक्टर26में कार्य करते हैं और उसी मकान में किराए पर विजय कुमार पुत्र दूधनाथ निवासी समरदह थाना बसंतपुर जिला सीवान बिहार भी रहते हैं जो गीडा गोरखपुर स्थित सेक्टर 26में कार्य करते हैं।दरवाजे पर खड़ी मेरी काले रंग की बुलेट मोटरसाइकिल व विजय की हीरो स्प्लेंडर मोटरसाइकिल बीती शुक्रवार/शनिवार की देर रात अज्ञात चोरों के द्वारा चुरा ली गयी।पता चलने पर तत्काल 112नम्बर पर सूचना दीगयी।काफी खोजबीन के बाद नहीं मिली।पुलिस को लिखित तहरीर देकर करवाई किये जाने की बात कही है।चौकी इंचार्ज मनीष जायसवाल ने बताया कि इस सिलसिले में मुकदमा अपराध संख्या770/2025धारा 303(2)बीएनएस दर्ज कर आगे की करवायी की जारही है।

# सार्ट की शेड्स ऑफ इंडिया मैगजीन के 11वें संस्करण का हुआ भव्य विमोचन

वेलकम इंडिया



**नई दिल्ली।** विवेक जैन। नई दिल्ली के लाजपत नगर स्थित लाजपत भवन ऑडिटोरियम में सार्ट द्वारा शेड्स ऑफ इंडिया मैगजीन के 11वें संस्करण का सफल और भव्य विमोचन किया गया। इस बार पत्रिका का मुख्य चेहरा प्राची कलेक्शन की फाउंडर व प्रमुख सामाजिक कार्यकर्त्ता प्राची त्रिपाठी बनी। प्राची की पोशाक ओढ़नी में लगी अजमेरिया ज्वेलर्स की ज्वेलरी में परवीन खान और मेकअप में मेकअप पार्टनर अक्षरा और कशिश का योगदान रहा। मैगजीन में बैक कवर का मुख्य चेहरा सुरों की मलिका ईशा सक्सेना बनी। कार्यक्रम में सेलिब्रिटी गेस्ट के रूप में अभिनेता शरहाँ सिंह ने शिरकत की। शरहाँ सिंह सीरियल तेरी मेरी डोरिया, उत्तरन, कुमकुम भाग्य और पद्मावत जैसी नामी फिल्म में अपनी दमदार एक्टिंग के लिए जाने जाते है। इनके साथ-साथ कार्यक्रम में अभिनेता शिवा कुमार, कालका मंदिर के महंत सुरेंद्र संनी, चिश्तिया सूफी फाउंडेशन के सैयद यासिर गुदेर्जी, गुरु राधा सरस्वती, राज कुमार शर्मा, हिमांशु पाठक जी, सुरेखा जैन, अब्या प्रोडक्शन के सीईओ योगेश मालिक, जुनैद हुसैन खान, अंजू भंडारी, युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत सब इंस्पेक्टर ज्योति स्वरुप जैसे नामी चेहरे शामिल रहे. इस अवसर पर पंडिता रामाबाई सम्मान और उड़ान युथ आइकॉन से उन 23 चेहरो को सम्मानित किया गया जो समाज के लिए मिसाल बन कर उभर रहे है साथ ही साथ लोगो के लिए प्रेरणा बने दिव्यांगजनों को भी अवार्ड से सम्मानित किया गया।

# कलछीना गांव में किसानों के द्वारा सभा का आयोजन

वेलकम इंडिया




**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** कलछीना गांव में किसानों के द्वारा एक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें भारतीय किसान यूनियन सर छोटूराम के पदाधिकारी ने भागीदारी की। सभा की अध्यक्षता चौधरी आस मोहम्मद ने की और संचालन इस्तखार प्रधान ने किया, सभा में भारतीय किसान यूनियन सर छोटू राम के राष्ट्रीय प्रवक्ता कुँवर अयूब अली, राष्ट्रीय अध्यक्ष आनंद चौधरी, राष्ट्रीय महासचिव अजय प्रमुख, कोषाध्यक्ष प्रवीण चौधरी, सोनवीर खुटैल, सोनवीर चाचा, प्रधान संगठन के जिला अध्यक्ष रणवीर प्रधान जी ने शिरकत की। राष्ट्रीय प्रवक्ता कुँवर अयूब अली ने कहा की जाति धर्म को छोड़कर किसान संगठन को मजबूत किया जाए जिससे कि किसानों की समस्याओं का हल हो सके, राष्ट्रीय अध्यक्ष आनंद चौधरी ने कहा के सरकार के द्वारा किसानों की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी किसनो की सभी समस्याओं का हल किसानों के साथ मिलकर किया जाएगा। राष्ट्रीय महामंत्री अजय प्रमुख ने कहा कि जब तक मिनिमम फसल की कीमत एमएसपी कानून सरकार लागू नहीं कर देती यह संघर्ष जारी रहेगा। कलछीना के सभी किसान और मजदूरों ने भारतीय किसान यूनियन सर छोटू राम के साथ सदस्य ग्रहण करते हुए संघर्ष करने की घोषणा की। आज की सभा में नेता हसरत अली, आजाद तोमर, हसरत एमपी, खान मोहम्मद, हाजी गुलजार, नजाकत अली सभी व्यक्तियों ने अपने विचार रख सदस्य ग्रहण की।

# 1 करोड़ 26 लाख 76 हजार की लागत से आठ स्थानों पर निर्माण कार्यों का किया शुभारंभ

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** जनपद में विकास की रफ्तार लगातार बढ़ती जा रही है। शहर को आदर्श और आधुनिक स्वरूप देने के अभियान में रविवार का दिन बेहद अहम रहा। सांसद अतुल गर्ग और विधायक संजीव शर्मा ने एक साथ आठ स्थानों पर सड़क, नाली और इंटरलॉकिंग से जुड़े निर्माण कार्यों का विधिवत उद्घाटन किया। कुल 1 करोड़ 26 लाख 76 हजार रुपए की लागत से होने वाले इन कार्यों में 22 लाख 65 हजार की राशि सांसद निधि से और 1 करोड़ 4 लाख 11 हजार रुपए डूडा द्वारा खर्च किए जाएंगे। उद्घाटन अवसर पर सांसद अतुल गर्ग और विधायक संजीव शर्मा ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने देश और उत्तर प्रदेश में विकास के नए मानक स्थापित किए हैं। गाजियाबाद भी इस विकास यात्रा से अछूता नहीं रहेगा। जनता की सुविधा और शहर के चहुमुखी विकास के लिए जो भी कार्य आवश्यक होंगे, उन्हें समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाएगा। दोनों जनप्रतिनिधियों ने कहा कि उनका लक्ष्य गाजियाबाद को आदर्श शहर बनाना है और इसके लिए वे हर संभव प्रयास कर रहे हैं। रविवार को हुए कार्यक्रम में वार्ड-1 के खैरातीनगर में अतुल से ईश्वर के मकान तक लगभग दस लाख की लागत से सीसी रोड और नाली निर्माण कार्य का उद्घाटन किया गया। इसी वार्ड के क्रिश्चियन नगर बागू में गली नंबर-5 में भी सड़क और नाली निर्माण कार्य शुरू हुआ। ब्लूम फील्ड पब्लिक स्कूल से भगत सिंह के मकान तक सांसद निधि से आठ लाख से अधिक की लागत से इंटरलॉकिंग और नाली निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। इसके अलावा कृष्णा नगर बागू के विभिन्न हिस्सों में डूडा द्वारा करोड़ों की लागत से कई नाली और इंटरलॉकिंग कार्यों का शिलान्यास किया गया। इन कार्यों से न केवल इलाके का स्वरूप बदलेगा बल्कि स्थानीय निवासियों को जलभराव और आवागमन की समस्याओं से भी निजात मिलेगी। विधायक संजीव शर्मा के मीडिया सलाहकार अजय चौपड़ा ने जानकारी देते हुए कहा कि सांसद अतुल गर्ग और विधायक संजीव शर्मा लगातार गाजियाबाद के प्रत्येक क्षेत्र में विकास कार्यों को आगे बढ़ा रहे हैं। उनका संकल्प है कि गाजियाबाद की जनता को किसी भी मूलभूत सुविधा से वंचित न रहना पड़े। यही कारण है कि लगातार नए-नए निर्माण कार्यों का शुभारंभ किया जा रहा है और आने वाले समय में इसका लाभ हर नागरिक को मिलेगा।

# पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय सिकंदर बख्त जी की जयंती पर एक विनम्र श्रद्धांजलि कार्यक्रम भारतीय जनता पार्टी महानगर कार्यालय गाजियाबाद में हुआ।

वेलकम इंडिया




**गाजियाबाद।** पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय सिकंदर बख्त जी की जयंती पर एक विनम्र श्रद्धांजलि कार्यक्रम भारतीय जनता पार्टी महानगर कार्यालय गाजियाबाद में हुआ। गाजियाबाद महानगर भाजपा कार्यालय में आज भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा द्वारा पूर्व केंद्रीय मंत्री पद्मविभूषण मरहूम जनाब सिकंदर बख्त साहब जी की 106वीं जयंती पर माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा जमाल सिद्दीकी जी के साथ मरहूम जनाब सिकंदर बख्त साहब को खिराजे अकीदत पेश की गई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथिः जमाल सिद्दीकी जी राष्ट्रीय अध्यक्ष भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा एस एम अकरम जी, जाकिर हुसैन राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, कुंवर बासित अली प्रदेश अध्यक्ष, सरदार तरनजीत सिंह प्रदेश उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा, मयंक गोयल महानगर अध्यक्ष, राष्ट्रीय कार्यकारणी सदस्य डॉ असलम फहीम सैफी, एडवोकेट जावेद खान सैफ पूर्व अध्यक्ष पश्चिम उत्तर प्रदेश अल्पसंख्यक मोर्चा, डॉक्टर रिजवान मीर निवर्तमान अध्यक्ष पश्चिमी उत्तर प्रदेश भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा, बलप्रीत सिंह महानगर अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा भारतीय जनता पार्टी गाजियाबाद

## सार संक्षेप

### जीडीए में आईजीआरएस शिकायतों पर जीरो टॉलरेंस, लापरवाही पर होगी कड़ी कार्रवाई

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) अब आईजीआरएस (इंटीग्रेटेड ग्रीवांस रिड्रेसल सिस्टम) पोर्टल पर आने वाली शिकायतों को हल्के में नहीं लेगा। प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अतुल वत्स ने साफ निर्देश दिए हैं कि हर शिकायत का तुरंत निस्तारण हो और शिकायतकर्ता को पूरी तरह संतुष्ट किया जाए। जीडीए वीसी ने आदेश दिए हैं कि जिस विभाग से शिकायत जुड़ी होगी, उसका एई (असिस्टेंट इंजीनियर) या प्रकारी अधिकारी न केवल शिकायत का समाधान करें बल्कि शिकायतकर्ता से फोन पर संपर्क कर समाधान की जानकारी भी दें। उन्होंने कहा कि जब तक शिकायतकर्ता पूरी तरह से संतुष्ट नहीं होगा, तब तक शिकायत का निस्तारण अधूरा माना जाएगा। मुख्यमंत्री द्वारा हाल ही में यह निर्देश दिया गया था कि आईजीआरएस पोर्टल पर दर्ज होने वाली शिकायतों का समयबद्ध और प्रभावी निस्तारण किया जाए। इस निर्देश को आगे बढ़ाते हुए जीडीए वीसी अतुल वत्स ने भी सख्त रुख अपनाया है और स्पष्ट किया कि किसी भी शिकायत को पेंडिंग में रखना अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अतुल वत्स ने चेतावनी दी है कि यदि कोई अधिकारी या कर्मचारी अपने कार्य में लापरवाही करता है या शिकायत का समय पर निस्तारण नहीं करता है, तो उसके खिलाफ कड़ी विभागीय कार्रवाई की जाएगी। जीडीए का उद्देश्य जनता को त्वरित और पारदर्शी सेवा देना है। इसलिए शिकायतों को टालना अब किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। विशेषज्ञों का मानना है कि इस कदम से जीडीए की छवि मजबूत होगी और जनता का भरोसा भी बढ़ेगा। अब लोगों को अपनी शिकायतों के समाधान के लिए बार–बार प्राधिकरण के चक्कर नहीं लगाने होंगे।

### विश्व बंधुत्व दिवस पर ब्रह्मकुमारीज ने दिया सेवा और मानवता का संदेश

**गाजियाबाद।** विश्व बंधुत्व दिवस और राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि जी की 18वीं पुण्यतिथि के अवसर पर रविवार को प्रजापिता ब्रह्मकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय की ओर से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर ने जहां मानवता को नया संदेश दिया, वहीं दादी प्रकाशमणि जी के सेवा और त्यागमय जीवन को भी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। शिविर का शुभारंभ विधायक डॉ. मंजू शिवाच ने किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है और इस पुण्य कार्य से अनगिनत जीवन बचाए जा सकते हैं। उन्होंने ब्रह्मकुमारीज संस्था की ओर से समाज सेवा की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन समाज को एक नई दिशा और ऊर्जा प्रदान करते हैं। कार्यक्रम में रक्तदाताओं का उत्साह देखने लायक रहा। लोगों ने बढ़–चढ़कर रक्तदान किया और कुल 50 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। आयोजकों का कहना था कि यह रक्त जरूरतमंदों के जीवन को बचाने में अमूल्य योगदान देगा। इस अवसर पर डॉ. तुषार त्यागी, रोहित कंसल, नीरज शर्मा, कपिल कुमार, दुर्गेश प्रजापति, हर्षित त्यागी, अजय, जफर समेत अनेक लोग मौजूद रहे। सभी ने मिलकर दादी प्रकाशमणि जी के जीवन मूल्यों को याद किया और समाज में सेवा, भाईचारे और विश्व शांति का संकल्प लिया।

### प्रदेश प्रवक्ता तरुणिमा श्रीवास्तव ने पंचायत चुनाव को लेकर कार्यकताओं में भरी नई ऊर्जा

**गाजियाबाद।** वसुंधरा सेक्टर–1 में रविवार को आम आदमी पार्टी की संगठनात्मक बैठक आयोजित हुई। बैठक में प्रदेश प्रवक्ता एवं साहिबाबाद विधानसभा संगठन प्रभारी तरुणिमा श्रीवास्तव ने कार्यकताओं को संगठन को और मजबूत करने का मंत्र दिया। उन्होंने कहा कि पार्टी की नीतियों और उपलब्धियों को जनता तक पहुँचाना ही अब हर कार्यकर्ता की प्राथमिक जिम्मेदारी है। तरुणिमा श्रीवास्तव ने कहा कि आगामी पंचायत चुनाव बेहद अहम हैं और इसके लिए कार्यकताओं को घर–घर जाकर लोगों से संवाद करना होगा। उन्होंने विशेष रूप से शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली और पानी जैसे मुद्दों पर आम आदमी पार्टी की उपलब्धियों को जनता तक पहुँचाने पर जोर दिया। उन्होंने कार्यकताओं से अपील की कि वे प्रतिदिन कम से कम दो घंटे पार्टी कार्यों में दें, ताकि संगठन की पकड़ जमीनी स्तर पर और मजबूत हो सके। बैठक में गुलशन भाटिया, पंकज मदान, पुष्प लता, पुष्पा सिंह, रवि त्रिपाठी, संजय सिंह, राकेश यादव, नरेंद्र सिंगल, सरस्वती मोहन समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने एक सुर में पंचायत चुनाव में पार्टी को मजबूत बनाने का संकल्प लिया।

# दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर ड्यूटी के दौरान दर्दनाक हादसा, पुलिस विभाग में छाया शोक

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** विजयनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत शनिवार को दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर हुआ एक भीषण सड़क हादसा पूरे पुलिस महकमे के लिए गहरे सदमे का कारण बन गया। ट्रैफिक पुलिस में तैनात 35 वर्षीय सिपाही विपिन कुमार को ड्यूटी के दौरान एक तेज रफ्तार एर्टिगा कार ने जोरदार टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल विपिन कुमार को तत्काल अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उपचार के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। हादसे के समय सिपाही विपिन कुमार दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर आईपीएम कॉलेज के पास ट्रैफिक व्यवस्था संभाल रहे थे। अचानक एक एर्टिगा कार तेज रफ्तार में बेकाबू होकर आई और ड्यूटी पर तैनात विपिन को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि वे सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। सहकर्मी पुलिसकर्मियों और राहगीरों ने उन्हें तत्काल निजी अस्पताल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने कुछ ही देर बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस घटना की खबर फैलते ही पुलिस विभाग में शोक की लहर दौड़ गई। विपिन कुमार की असामयिक मृत्यु की खबर घर पहुंचते ही परिवार में कोहराम मच गया। माता-पिता, पत्नी और दो छोटे बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों ने सरकार से मांग की है कि उन्हें न्याय दिलाया जाए और परिवार की आर्थिक सहायता की जाए। उनके साथी पुलिसकर्मियों ने बताया कि विपिन बेहद ईमानदार और कर्तव्यनिष्ठ जवान थे। ड्यूटी के प्रति उनका समर्पण हमेशा प्रेरणादायी रहा। दिवंगत सिपाही विपिन कुमार को गाजियाबाद पुलिस विभाग ने रविवार को राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी। पुलिस आयुक्त जे. रविन्द्र गौड़, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (अपराध एवं कानून व्यवस्था) आलोक प्रियादर्शी, डीसीपी सिटी धवल जायसवाल सहित पुलिस परिवार के वरिष्ठ अधिकारियों ने पार्थिव शरीर को कंधा देकर श्रद्धांजलि अर्पित की। पुलिस विभाग ने कहा कि विपिन कुमार का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा और उनके परिवार को हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा। यह दर्दनाक हादसा एक बार फिर सड़क सुरक्षा और तेज रफ्तार गाडियों पर सवाल खड़े करता है।

स्थानीय लोगों ने कहा कि दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर आए दिन बेकाबू गाडियां हादसों को जन्म दे रही हैं। ट्रैफिक पुलिसकर्मी अपनी ड्यूटी निभाते हुए सड़क पर जान जोखिम में डालते हैं, लेकिन तेज गति से चलने वाले वाहन उनके लिए बड़ा खतरा बन जाते हैं।

## 5 शातिर चोर गिरफ्तार- 14 दरवाजे, 39 बोरी सीमेंट और बोलेरो पिकअप बरामद



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** थाना वेव सिटी पुलिस टीम ने सख़्ती और मुस्तैदी दिखाते हुए रविवार को चोरी की बड़ी वारदात का खुलासा कर दिया। महज 24 घंटे के भीतर पुलिस ने न केवल पांच शातिर चोरों को गिरफ्तार किया बल्कि उनके कब्जे से चोरी का पूरा माल भी बरामद कर लिया। बरामद सामान में 14 लोहे व स्टील के दरवाजे, 39 बोरी सीमेंट और घटना में प्रयुक्त महिंद्रा बोलेरो पिकअप शामिल है। पुलिस की इस बड़ी सफलता ने इलाके में अपराधियों के हौसले पस्त कर दिए हैं और जनता में पुलिस के प्रति विश्वास को और मजबूत किया है। घटना 22 अगस्त 2025 को सामने आई थी, जब पीड़ित ने थाना वेव सिटी में तहरीर देकर बताया कि अज्ञात चोर उसकी दुकान से लोहे और स्टील के दरवाजे चोरी करके ले गए। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज किया और एक विशेष टीम का गठन किया।

# 14 साल के अक्षित ने शतरंज की बिसात पर मारी बाजी

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** शतरंज की बिसात पर गोटियों के बीच दांव-पेंच जितना कठिन होता है, उतना ही जीवन में भी सही चाल चलना जरूरी है। गाजियाबाद के डीपीएस पब्लिक स्कूल मेरठ रोड के कक्षा 9 के छात्र अक्षित शर्मा ने यह साबित कर दिया है कि मेहनत, धैर्य और लगन से कम उम्र में भी बड़े मुकाम हासिल किए जा सकते हैं। शनिवार को सेंट एंड्रयूज वर्ल्ड स्कूल, शक्ति खंड-4, इंदिरापुरम में आयोजित प्रथम सेंट एंड्रयूज अंडर-15 शतरंज टूनार्मेंट में अक्षित ने अपने अद्भुत प्रदर्शन से सबको चौंकाते हुए द्वितीय उपविजेता का खिताब अपने नाम कर लिया। इस टूनार्मेंट में दिल्ली-एनसीआर के नामी स्कूलों से करीब 170 प्रतिभाशाली खिलाडियों ने हिस्सा लिया था। अंडर-8, अंडर-11, अंडर-13 और अंडर-15 वर्गों में प्रतियोगिता आयोजित हुई। अंडर-15 वर्ग में 36 धुरंधर खिलाड़ी अपनी काबिलियत साबित करने उतरे थे, लेकिन अक्षित ने अपने शानदार कौशल और सूझबूझ भरे दांवों से सबका दिल जीत लिया। उनकी रणनीतियाँ इतनी सटीक थीं कि कई बार निर्णायक भी हैरान रह गए। महज 14 साल की उम्र में अक्षित ने अपने से बड़े खिलाडियों को मात देकर यह साबित कर दिया कि असली विजेता वही है, जो धैर्य और संयम से खेलकर हर परिस्थिति को अवसर में बदलना जानता है। अक्षित की इस सफलता के पीछे उनके परिवार का भी बड़ा योगदान है।

उनकी मां प्रीति शर्मा स्वयं एक गृहणी हैं, जिन्होंने अक्षित को पढ़ाई और खेल दोनों में अनुशासन और मेहनत का महत्व सिखाया। वहीं पिता मनोज शर्मा हमेशा जीवन में संघर्षों के बावजूद उत्साह और आत्मबल बनाए रखने की प्रेरणा देते रहे हैं।

# कार से कुचलकर ट्रैफिक पुलिसकर्मी की हत्या मामले में फरार दो आरोपी गिरफ्तार

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** नेशनल एक्सप्रेस-वे पर शनिवार शाम उस वक्त सनसनी फैल गई जब ट्रैफिक व्यवस्था में तैनात सिपाही विपिन कुमार को कार सवार बदमाशों ने रौंद दिया। तेज रफ्तार अर्टिगा कार ने कांस्टेबल विपिन कुमार को इतनी जोरदार टक्कर मारी कि वे लगभग 10 फीट ऊपर उछलकर सड़क पर गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। आनन-फानन में उन्हें मणिपाल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना के बाद गाजियाबाद पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई की। विजयनगर थाना पुलिस टीम ने रातभर अभियान चलाकर आरोपितों को सर्विलांस और मुखबिर की मदद से कोटगांव फाटक के पास से गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपितों की पहचान विनीत (31) पुत्र इन्द्रपाल और सुमित (30) पुत्र ऋषिपाल, दोनों निवासी मन्नू गढ़ी, सदरपुर थाना मधुबन बापूधाम के रूप में हुई है। पूछताछ में दोनों ने चौंकाने वाला खुलासा किया। आरोपियों ने कबूला कि उसी दिन हरियाणा से लौटते वक्त दिल्ली पुलिस से उनकी गाड़ी को लेकर कहासुनी हो गई थी। इसी वजह से वे पहले से ही पुलिस से खफा थे। जब वे आईपीईएम कॉलेज कट पर पहुंचे और ट्रैफिक पुलिसकर्मी ड्यूटी पर दिखे, तो उन्हें लगा कि ये भी रोकेंगे और परेशान करेंगे। गुस्से में आकर उन्होंने गाड़ी सीधे सिपाहियों पर चढ़ा दी। घटना के दौरान कांस्टेबल प्रदीप कुमार ने भागकर अपनी जान बचाई, लेकिन कांस्टेबल विपिन कुमार कार की चपेट में आ गए। हादसा इतना भीषण था कि वहां मौजूद लोग भी सहम गए। गाजियाबाद पुलिस ने मृतक के भाई की तहरीर पर मामला दर्ज कर आरोपियों को दबोच लिया।

# राष्ट्रीय व्यापार मंडल का भव्य सेवा शिविर

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** समाजसेवा और जनकल्याण के नए आयाम गढ़ते हुए राष्ट्रीय व्यापार मंडल ने मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी के मार्गदर्शन में रविवार को वेव सिटी, सेक्टर-2, प्लॉट नंबर 1378 पर एक भव्य शिविर का आयोजन किया। इस शिविर का सफल संचालन डाक विभाग के सहयोग और शिविर संयोजक डीपीसी कंस्ट्रक्शन एंड प्रमोटर के डायरेक्टर प्रमोद चौधरी के प्रयासों से संभव हो सका। शिविर में लोगों की सुविधाओं के लिए विशेष इंतजाम किए गए। 70 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के वरिष्ठ नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए, 18 वर्ष तक के युवाओं के लिए नए आधार कार्ड तैयार किए गए, वहीं सभी उम्र वर्ग के आधार संशोधन कार्य भी संपन्न हुए। इसके साथ ही श्रेय आई सेंटर, इंदिरापुरम की ओर से मुफ्त नेत्र जांच की व्यवस्था कराई गई। इस शिविर में 35 आयुष्मान कार्ड तैयार हुए, 180 से अधिक आधार कार्ड बनाए और संशोधित किए गए, जबकि करीब 175 लोगों ने नेत्र जांच कराकर लाभ उठाया। मुख्य अतिथि विधायक अजीत पाल त्यागी ने इस अवसर पर कहा कि सरकार का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुँचाना है। उन्होंने कहा कि आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड और स्वास्थ्य जांच जैसी सेवाएँ समाज के लिए अत्यंत उपयोगी हैं और हमें मिलकर इन योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाना होगा। राष्ट्रीय व्यापार मंडल के राष्ट्रीय सचिव प्रदीप चौधरी ने कहा कि व्यापार मंडल सिर्फ व्यापारियों तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज के हर वर्ग की भलाई के लिए काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे शिविर जनता को राहत देने का कार्य करते हैं और यही संगठन का मुख्य उद्देश्य है। जिला अध्यक्ष बालकिशन गुप्ता ने भी अपनी बात रखते हुए कहा कि आधार और आयुष्मान कार्ड आज हर व्यक्ति की मूलभूत आवश्यकता बन गए हैं। ऐसे शिविरों से आमजन को सरकारी दफ्तरों के चक्कर लगाने से बड़ी राहत मिलती है। प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक भारतीय ने कहा कि राष्ट्रीय व्यापार मंडल जनता की सुविधा और सेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है।

# जीडीए में 16 कर्मचारियों के कार्यक्षेत्र बदले

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) में प्रशासनिक स्तर पर बड़ा फेरबदल किया गया है। ओएसडी राजीव रतन सिंह ने आदेश जारी कर 16 कर्मचारियों का कार्यक्षेत्र बदल दिया है। इस सूची में सबसे अहम बदलाव उपाध्यक्ष अतुल वत्स के कार्यालय में किया गया है, जहां उनके व्यक्तिगत सहायक (पीए) चंद्रभूषण त्रिपाठी को हटाकर भूखंड अनुभाग में भेजा गया है।

वहीं कनिष्ठ लिपिक दीपक शिशोदिया को उपाध्यक्ष कार्यालय से अभियंत्रण जोन छह में स्थानांतरित किया गया है। इस फेरबदल को उपाध्यक्ष कार्यालय की कार्यप्रणाली को और अनुशासित व पारदर्शी बनाने की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है। तबादलों के इस आदेश में कई अनुभवी लिपिकों को नए दायित्व सौंपे गए हैं। वरिष्ठ लिपिक उर्मिला रानी को मास्टर प्लान रिकॉर्ड रूम में भेजा गया है। वहीं कनिष्ठ लिपिक राजेश कुमार मिश्रा को भूखंड अनुभाग में, जबकि राधेश्याम प्रसाद और अंकुर राणा को उपाध्यक्ष कार्यालय में नियुक्त किया गया है। इसी तरह कनिष्ठ लिपिक अतुल शर्मा को प्रशासन अनुभाग, सक्षम सिंह को भू-अर्जन अनुभाग, सूर्यलाल मौर्य को विधि अनुभाग, उमापति शुक्ला को व्यावसायिक अनुभाग, आदित्य कौशिक को किराया अनुभाग और लवलेश सिंह को चीफ इंजीनियर कार्यालय में तैनात किया गया है। इसके साथ ही निर्मल पाल सिंह को पूर्व आवंटित कार्यों के साथ-साथ रामअवतार शर्मा द्वारा देखे जा रहे कार्यों की जिम्मेदारी भी सौंपी गई है।